

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार 24 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-265 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 25 दिसंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### अजान दे रहे रिटायर्ड एसएसपी की आतंकियों ने की हत्या

**मस्जिद में भी बरसाई गोलियां**

**श्रीनगर,24 दिसंबर।** जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की कायराना करतूत जारी है. ताजा घटनाक्रम में बारामूला जिले में मस्जिद में अजान दे रहे रिटायर्ड एसएसपी की गोली मारकर आतंकियों ने हत्या कर दी. यही नहीं आतंकियों ने मस्जिद पर गोलीबारी भी की है. कश्मीर जोन पुलिस ने ट्वीट कर बताया है कि आतंकियों ने गांटमुला, शीरी बारामूला के रहने वाले मोहम्मद शफी पर गोलियां बरसाई गईं, जिसकी वजह से उनकी मौत हो गई. जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया है कि पूरे इलाके को घेर लिया गया है. लोगों से इस इलाके से दूर रहने को कहा गया है, और मामले की जांच की जा रही है. बता दें कि गुरुवार को पुंछ जिले में वाहन पर घेराबंदी और तलाशी अभियान के लिए जा रहे सेना के जवानों पर आतंकियों ने घात लगाकर हमला किया, जिसमें सेना के पांच जवान शहीद हो गए, वहीं तीन जवान घायल हो गए. आतंकियों ने वारदात को अंजाम देने के दौरान कुछ सैनिकों के हथियारों को भी लूट लिए. वहीं पुंछ में हुए आतंकी हमले को लेकर पूछताछ के लिए लाए गए तीन लोगों की संदिग्ध मौत पर बवाल खड़ा हो गया है. बढ़ते तनाव के बीच सरकार ने मरने वाले सभी लोगों के लिए मुआवजे की घोषणा की है. इसके साथ ही मरने वाले के निकटतम परिजन को नौकरी देने का भी ऐलान किया है. वहीं सेना ने जांच में मदद का आश्वासन दिया है.

### पायलट युवा नेता हैं, छत्तीसगढ़ को मिलेगा लाभः भूपेश

**रायपुर,24 दिसंबर।** नेशनल एलायंस कमेटी की बैठक में शामिल होने के बाद पूर्व सीएम भूपेश बघेल का बयान सामने आया है. छत्तीसगढ़ के प्रभारी बदले जाने पर भूपेश बघेल ने कहा, कुमारी शैलजा को उत्तराखंड का प्रभार मिला है. सचिन पायलट को छत्तीसगढ़ का प्रभार मिला. सचिन पायलट का स्वागत करता हूं. युवा नेता हैं, निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ को लाभ मिलेगा. आगे भूपेश बघेल ने कहा, नेशनल एलायंस कमेटी की बैठक में सभी शामिल थे. प्रारंभिक चर्चा हुई. एलायंस पार्टियों के साथ चर्चा से पहले जिन राज्यों में गठबंधन होना है, उनके प्रदेश के नेता से चर्चा होगी. हाईकमान से उसे अवगत कराया जाएगा. कांग्रेस के पूर्व विधायकों की बैठक पर भूपेश बघेल ने कहा, पार्टी के अंदर की बात है. जानकारी नहीं है कि क्या-क्या हुआ. पार्टी के भीतर सबको अपनी बात कहने का अधिकार है.

### ट्रैक्टर और बाइक में हुई भिड़ंत, दो की मौत

**सक्ती,24 दिसंबर।** बाराद्वार थाना क्षेत्र के सरहर गांव के स्वागत द्वार पर ट्रैक्टर और बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई. इससे बाइक में सवार दो नाबालिग की मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद से ट्रैक्टर चालक फरार हो गया है. मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है. मृतक बाइक सवार नाबालिग भूपेंद्र सूर्यवंशी, अभय सूर्यवंशी बघौदा गांव के रहने वाले थे. दरअसल, बघौदा गांव निवासी बाइक सवार भूपेंद्र सूर्यवंशी 15 वर्षीय और अभय सूर्यवंशी, अपने गांव से बाराद्वार की ओर जा रहे थे. इस दौरान सरहर गांव के स्वागत द्वार के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने ठोकर मार दी. इससे दोनों नाबालिग की मौके पर मौत हो गई. मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई करके पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजन को सौंप दिया है. फिलहाल, मामले में बाराद्वार पुलिस द्वारा आगे की जांच की जा रही है. मामले में घटनाकरित ट्रैक्टर के आरोपी ड्राइवर के खिलाफ जुर्म दर्ज किया जाएगा.

## भारतीय कुश्ती संघ की मान्यता रद्द

### नवनियुक्त अध्यक्ष संजय सिंह के साथ पूरी कार्यकारिणी निलंबित

**नई दिल्ली,24दिसंबर।** लंबे अरसे की इंतजार के बाद हाल ही में भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव संपन्न हुए थे जिसके बाद संजय सिंह को भारतीय कुश्ती संघ का अध्यक्ष बनाया गया था। संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के नजदीकी माने जाने वाले संजय सिंह को अध्यक्ष बनाए जाने के बाद खेल मंत्रालय ने एक बड़ा फैसला किया है। खेल मंत्रालय ने नए संघ को निलंबित कर दिया है। बता दे की साक्षी मलिक ने भी संजय सिंह के अध्यक्ष बनाए जाने के बाद कुश्ती से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया था जिसके बाद खेल मंत्रालय ने बड़ा फैसला करते हुए पूरी बाजी को पलट दिया है।

बता दें कि संजय सिंह को भारतीय कुश्ती संघ का अध्यक्ष चुने जाने के बाद ओलंपिक मेडलिस्ट महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास लेने का ऐलान किया था। इसके अलावा बजरंग पूनिया ने भी पद्मश्री वापसी की घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री को एक चिट्ठी भी लिखी थी। पहलवानों के इस विरोध के बाद खेल मंत्रालय ने कुश्ती संघ को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही कुश्ती संघ का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद संजय सिंह ने जो भी फैसले लिए थे उन पर रोक लगा दी गई है। खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ को दिए निर्देशों में कहा है कि अगले आदेश तक सभी गतिविधियों पर रोक लगी रहेगी।



**मुझे अभी तक कोई पत्र नहीं मिला हैः संजय**

खेल मंत्रालय ने रविवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को निलंबित कर दिया है। इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए डब्ल्यूएफआई के नए अध्यक्ष पर संजय सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा, मैं फ्लाइट में था। मुझे अभी तक कोई पत्र नहीं मिला है। पहले मुझे पत्र देखने दीजिए, उसके बाद ही मैं कोई टिप्पणी करूंगा।

## रमन सिंह से मिले सिंहदेव

**रायपुर।** विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से प्रदेश बीजेपी चीफ किरण सिंह देव ने मुलाकात की। कुछ दिन पहले ही बीजेपी आलाकमान ने छत्तीसगढ़ में पार्टी की कमान किरण सिंहदेव को सौंपी है. वे छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से पहली बार विधायक निर्वाचित हुए हैं लेकिन बीते कई सालों से पार्टी के लिए काम करते रहे हैं। बता दें कि दिल्ली में आयोजित बीजेपी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में शामिल होने के बाद आज सुबह बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, महामंत्री पवन साय रायपुर लौट आए। विमानतल में प्रदेश महामंत्री व नारायणपुर विधायक केदार कश्यप, प्रदेश कार्यालय प्रभारी नरेश चंद्र गुप्ता, कार्यसमिति सदस्य. प्रीतेश गांधी ने उनका आत्मीय स्वागत किया।



## प्रभारी बदलने से कांग्रेस को नहीं मिलेगा कोई लाभः साव

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,24 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी बदले जाने पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे प्रदेश में कांग्रेस अप्रासंगिक हो रही है. प्रभारी बदलने से कोई लाभ नहीं होगा. आज कांग्रेस में भगदड़ की स्थिति है. 11 की 11 सीटें बीजेपी जीतेगी. नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे. दिल्ली से लौटने के बाद एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि सरकार गठन के बाद पहली बार दिल्ली जाना हुआ. प्रधानमंत्री समेत केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात हुई. भेंट के दौरान प्रदेश से संबंधित अनेक विषयों पर चर्चा हुई. केंद्र के सहयोग से छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए काम करेंगे.

मंत्रिमंडल विस्तार के बाद मंत्रियों को विभागों के बंटवारे पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रिमंडल का गठन करना और विभाग निर्धारित करना मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है. जल्दी ही मंत्रियों के विभाग का आवंटन हो जाएगा. वहीं लोकसभा चुनाव के लिए पदाधिकारियों को मिले टारगेट पर कहा कि विधानसभा चुनाव में बीजेपी को वोट प्रतिशत और सीटों के हिसाब से ऐतिहासिक जीत मिली है. जनता की इच्छा की पूर्ति के लिए ताकत से काम करेंगे. विपक्ष पर निशाना साधते हुए उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि मोदी विरोध के उत्साह में देश का विरोध करने में विपक्षी दल नहीं चूक रहे. विपक्ष देश के हितों को विपरीत काम कर रहा है. लोकसभा चुनाव में जनता कड़ा सबक सिखाने वाली है.



### बेरोजगारी को लेकर कांग्रेस ने केंद्र पर साधा निशाना

**नईदिल्ली,24 दिसंबर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को बेरोजगारी के मुद्दे पर केंद्र की भाजपा सरकार की आलोचना की। खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देश में बेरोजगारी सबसे ज्वलंत मुद्दा है। 15-29 आयु वर्ग के लोगों में बेरोजगारी दर 10 प्रतिशत है (पीएलएफएसः जुलाई 2022-जून 2023)। ग्रामीण भारत में 8.3 प्रतिशत और शहरी भारत में 13.8 प्रतिशत है।खड़गे ने कहा, देश के युवा पूछ रहे हैं कि हर साल दो करोड़ नौकरियां कहां गईं, भर्ती परीक्षा से नौकरी पाने तक का सफर इतना जटिल क्यों हो गया।

## दिल्ली में लोकसभा चुनाव को लेकर बनी रणनीति : किरण

**रायपुर,24 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव दो दिवसीय दिल्ली दौरे के बाद रायपुर पहुंचे. रायपुर एयरपोर्ट पर उन्होंने पत्रकारों से चर्चा की. इस दौरान किरण सिंहदेव ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक की जानकारी दी और बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर रणनीतियां बनाई गई है. बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि दिल्ली में राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक थी. जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय पदाधिकारी और सभी वरिष्ठ नेता के साथ दो दिवसीय बैठक आयोजित की गई थी. बैठक में संगठनात्मक रूप से आगामी कार्यक्रम को लेकर रणनीतियां बनी है. लोकसभा चुनाव पर क्या चर्चा हुई है इसपर प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा सभी विषयों पर हुई है. आने वाले समय में लोकसभा चुनाव है, आगामी कार्य योजना और कार्यक्रमों को लेकर रणनीतियां तैयार की गई है.

## मामा की बेटी ने छग की युवती को दिल्ली में 2 लाख में बेचा

**कवर्धा,24दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले से मानव तस्करी का मामला सामने आया है. युवती के साथ हुए अनाचार की घटना सुनकर आपके भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे. कवर्धा की एक आदिवासी युवती को काम दिलाने के बहाने मामा की बेटी ने दिल्ली बुलाई और वहां एक डॉक्टर को दो लाख रुपये में बेच दिया. इसके कुछ साल बाद युवती से आरोपी डॉक्टर ने शादी कर लिया और शादी के बाद पति और ससुर उसके साथ अप्रिय घटना करते रहे. इस दौरान वह किसी तरह वहां से भाग निकली और अपने घर पहुंची. इसके बाद युवती रोते हुए कुकदुर थाना पहुंची और अपनी आपबीती बताई. मामले में पुलिस ने धारा 363, 366, 176, 370 और 376 के तहत अपराध दर्ज किया है.

जानकारी के अनुसार, दिसंबर 2018 करीब पांच साल पहले पीड़िता को उसके मामा की लड़की ने काम करने के बहाने दिल्ली बुलाया. दिल्ली में वह दो साल तक मजदूरी का काम करती रही. इसी बीच जब वो वापस अपने घर जाने की इच्छा जताने लगी तो उसके मामा की लड़की जिसके साथ वह दिल्ली गई थी. उसे दो लाख रुपये में बेचने का खुलासा किया और घर जाने से रोकने के लिए खरीददार ने युवती के साथ शादी की. मामला यहीं खत्म नहीं होता शादी के बाद युवती के साथ आरोपी युवक और पिता दोनों ने अनाचार किया. इससे तंग आकर वह किसी तरह उनके चंगुल से निकलर छत्तीसगढ़ पहुंची और आरोपियों के खिलाफ शिकायत करने पहुंची तो कुकदुर थाना में भी उनकी बात नहीं सुनी जा रही थी. मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आया तब कहीं जाकर तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया. फिलहाल मामले में अभी किसी भी आरोपी पुलिस की गिरफ्तारी नहीं हुई है.

### 12 लाख किसानों के एकाउंट में 25 को ट्रांसफर होगा बकाया बोनस

**रायपुर,24 दिसंबर।** प्रदेश के 12 लाख किसानों को 2 साल का बकाया बोनस कल उनके अकाउंट में ट्रांसफर किया जाएगा। 2 दिन के दिल्ली दौरे से लौट के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि आज छत्तीसगढ़ निर्माता और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के मौके पर इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। विष्णुदेव साय ने कहा कि दिल्ली दौरे के दौरान उनकी राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ मुलाकात सार्थक रही।

## भाजपा के पास राममंदिर के अलावा कोई और मुद्दा नहीं : दीपक बैज

**रायपुर,24दिसंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा पर निशाना साधा है. उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी की तैयारियों को लेकर कहा कि इनके पास कुछ बचा नहीं है. ये सिर्फ चुनाव के लिए प्रोपेगेंडा बनाते हैं. उनके पास राम मंदिर के अलावा कोई मुद्दा नहीं. गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई पर भाजपा चुनाव नहीं लड़ती. इसके साथ ही उन्होंने अन्य मुद्दों पर भी अपना बयान दिया है.



25 दिसंबर को भाजपा के सुशासन दिवस मनाएगी और प्रदेश के किसानों को सरकार बोनस देगी. इसपर दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसान प्रदेश के लिए रीढ़ की हड्डी हैं. जिस दिन पहली कैबिनेट की बैठक हुई उस दिन उन्हें बोनस भाजपा देती हमने तो पत्र भी लिखा था. लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पीसीसी चीफ बैज ने कहा लोकसभा चुनाव को लेकर हमारी तैयारी है. प्रदेश कार्यालय में कल लगातार बैठके हुई. सभी पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष मौजूद रहे. हम सभी क्षेत्रों में जायेंगे पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे. लोकसभा चुनाव के लिए हम जी तोड़ मेहनत करेंगे. सचिन पायलट को छत्तीसगढ़ का प्रभार मिलने पर बैज ने कहा, पूर्व प्रभारी कुमारी सैलजा ने भी अच्छा काम किया. नए प्रभारी राजस्थान के युवा हैं, वे अनुभवी हैं. इससे छत्तीसगढ़ को फायदा होगा. भाजपा के कार्यकाल में कांग्रेस की योजनाएं बंद होगी इस सवाल पर दीपक बैज ने कहा, हम चाह रहे हैं कि गोबर खरीदी, गौठान की योजना निरंतर चलती रहे. बिजली बिल हाफ योजना भी चलनी चाहिए. ये जनता से जुड़ी योजनाएं हैं, जिसका

## नासा ने किया अलर्ट, अंतरिक्ष से धरती की तरफ आ रहा एस्ट्रोयड

**नई दिल्ली,24दिसबंर।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 2023 XN 11 नामक एक बड़े एस्ट्रोयड को लेकर अलर्ट जारी कर किया है. एस्ट्रोयड तेजी से हमारे ग्रह की तरफ आ रहा है. लगभग 37,427 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज रफ्तार से पृथ्वी की ओर बढ़ रहा है. यह आज (24 दिसंबर) को लगभग 34 लाख किलोमीटर की दूरी पर पृथ्वी के काफी करीब से गुजर सकता है. एस्ट्रोयड 2023 XN11 एस्ट्रोयड्स के अपोलो समूह से संबंधित है और इसका आकार किसी विमान के समान लगभग 229 फीट चौड़ा है.यह एस्ट्रोयड आकार में भले ही इतना बड़ा है, लेकिन यह 34 लाख किलोमीटर की दूरी से गुजरने वाला है इसलिए इससे पृथ्वी को कोई बड़ा खतरा नहीं है.हालांकि, गुरुत्वाकर्षण बल के कारण अगर यह दिशा भटककर पृथ्वी के किसी हिस्से से टकराता है तो उस क्षेत्र में हल्का नुकसान हो सकता है. एस्ट्रोयड के बारे में अध्ययन कर वैज्ञानिक ग्रहों और सौरमंडल के बनने के समय मौजूद स्थितियों के बारे में जानकारी इकट्ठा करते हैं. एस्ट्रोयड बेल्ट में पाए जाने वाले ज्यादातर एस्ट्रोयड लोहे और निकल जैसे धातुओं से बने होते हैं. नासा की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, अब तक 13 लाख से अधिक एस्ट्रोयड्स को खोजा जा चुका है, जिनमें से कुछ का आकार किसी क्रिकेट के मैदान जितना बड़ा है.



## 101 अपराधियों को गिरफ्तार करने वाली बैली की हुई मौत, राजकीय सम्मान से किया गया अंतिम संस्कार

**भोपाल,24 दिसंबर।** मध्यप्रदेश के उमरिया के बांधवगढ टाइगर रिजर्व की एसडीओ रैंक की फीमेल डॉग बैली की मौत हो गई। बैली का राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार किया गया। डॉग बैली का जन्म मार्च 2017 में हुआ। डॉग बैली बांधवगढ टाइगर रिजर्व में रहकर लगातार अपराधों मे रोकथाम और अपराधियों को पकड़वाने में मदद कर रही थी। डॉग बैली का प्रशिक्षण राष्ट्रीय श्वान प्रशिक्षण केन्द्र टेकनपुर, ग्वालियर में हुआ था। डॉग बैली की उम्र 6 वर्ष थी। बैली ने बांधवगढ टाइगर रिजर्व में 86 वन्य प्राणियों के अपराधों को पकड़वाने के साथ 101 अपराधियों को गिरफ्तार करवाया। बैली रुटीन ड्यूटी में लगी हुई थी। बीस दिसंबर को अचानक गिर जाने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। राजकीय सम्मान से डॉग बैली का अंतिम संस्कार किया गया। प्रभारी रंजन सिंह परिहार ने बताया कि इलाज के दौरान बैली की मौत हो गई। बैली रुटीन ड्यूटी में लगी हुई थी।



## आत्मसमर्पित नक्सली का अपहरण कर हत्या

**बीजापुर,24 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले से हत्या की बड़ी वारदात सामने आई है. यहां आत्मसमर्पित नक्सली छोटू कुरसम का बीती रात आरोपियों ने अपहरण किया और उसे मौत के घाट उतार दिया है. हत्या के बाद शव को गोरना मार्ग पर फेंका दिया है. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. इस हत्या के वारदात को मृतक के चाचा और उसके साथियों ने मिलकर अंजाम दिया है. मामले में पुलिस आरोपियों के नक्सली संगठन से कनेक्शन का पता लगाने में जुटी है. यह मामला बीजापुर थाना क्षेत्र का है. मामले में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की शाम 07~30 बजे जिला बीजापुर मनकेली गांव के निवासी छोटू कुरसम का परिचित सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था, जिसे अस्पताल ले जाने एम्बुलेंस गाड़ी लेकर गांव की ओर जा रहा था. तभी गोरना गांव के समीप छोटू कुरसम के चाचा राजू कुरसम और 4 उनके अज्ञात साथियों ने एम्बुलेंस को रोककर छोटू कुरसम को अपने साथ ले गए. छोटू कुरसम को चाचा राजू कुरसम और उसके साथियों ने रात में गला रेतकर हत्या कर शव को गोरना गांव के समीप रोड पर फेंक दिया. मामले की सूचना मिलते ही बीजापुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे मे लिया है. बता दें कि मृतक छोटू कुरसम पूर्व में नक्सल संगठन में सक्रिय रहा था और कुछ महीने पहले ही आत्मसमर्पण किया था. प्रकरण में थाना बीजापुर में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है. संदिग्ध आरोपी चाचा राजू कुरसम और उनके साथियों की तलाश में पुलिस जुट गई है. नक्सल संगठन से आरोपी के ताल्लुक के बारे में भी जांच पड़ताल की जा रही है.

## मणिपुर में हिंसा फैलाने की साजिश नाकाम

**इंफाल,24 दिसंबर।** हिंसा की आग में झुलस रहे पूर्वोत्तर के राज्य मणिपुर में एक बार फिर से हिंसा फैलाने की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया गया. दरअसल, राज्य के नोनी जिले के कोबुरु रिज में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान के दौरान बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद का भंडार मिला है. बताया जा रहा है कि असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस के जवानों ने इनपुट के आधार पर बीते दिन संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया. इस दौरान यहां हथियार और गोला-बारूद का बड़ा जखीरा बरामद किया गया. इस दौरान एक एके 56 राइफल, एक सिंगल बैरल बंदूक, गोला-बारूद, 6 ग्रेनेड और युद्ध में इस्तेमाल जैसा भंडार बरामद किया गया.ये कोई पहला मौका नहीं है जब हिंसाग्रस्त मणिपुर में इस तरह का हथियारों का जखीरा मिला हो. इससे पहले 6 दिसंबर को भी असम राइफल्स ने सीमा सुरक्षा बल, भारतीय रिजर्व बटालियन और चुराचांदपुर पुलिस के साथ मिलकर एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया था. इस दौरान चुराचांदपुर जिले के डी हाओलेनजांग गांव के बाहरी इलाके में भारी मात्रा में हथियार और युद्ध जैसा भंडार मिला था. बता दें कि इसी महीने सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया था कि सरकार जातीय हिंसा में नष्ट हुए पूजा स्थलों को बहाल करने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दे. ये जानकारी सरकार को अदालत द्वारा नियुक्त समिति को देने की बात कही गई थी.

इस साल मई के महीने से ही मणिपुर जातीय हिंसा का दंश झेल रहा है. राज्य में 3 मई को कुकी और मैतई समुदाय के बीच हिंसा की शुरूआत हुई थी. ये हिंसा ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ मणिपुर (ञ्जस्रू) की एक रैली के बाद शुरू हुई थी. उसके बाद राज्य में दंगे भड़क गए थे. जिसमें कई लोगों की जान चली गई. राज्य में शांति बहाली के लिए केंद्र सरकार ने राज्य में अर्धसैनिक बलों की तैनाती की है.

### देश के अन्य हिस्से की तुलना में तेजी से नष्ट हो रही गुजरात की तटरेखा

**अहमदाबाद,24 दिसंबर।** गुजरात में देश की सबसे लंबी तटरेखाओं में से एक है, जिसे शुरू में 1,600 किमी माना जाता था। अब नए डेटा के कारण इस आंकड़े में संशोधन हुआ है।

राष्ट्रीय तटीय अनुसंधान केंद्र (एनसीसीआर) के अनुसार, गुजरात की तटरेखा 1,945.60 किमी लंबी है। लेकिन समुद्र के बढ़ते स्तर और जलवायु परिवर्तन के कारण राज्य की 537.5 किलोमीटर लंबी तटरेखा क्षरण के अधीन है। यह क्षरण दर देश में सबसे अधिक है। एनसीसीआर द्वारा 1990 से 2018 तक भारत की 6,632 किमी लंबी तटरेखा पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि 33.6 प्रतिशत तटरेखा कटाव के प्रति संवेदनशील है। गुजरात के तटों का 27.6 प्रतिशत की खतरनाक दर से कटाव हो रहा है।

2018 तक, गुजरात में 1,945.60 किलोमीटर के तट में से, 1,030.9 किलोमीटर स्थिर है, जबकि 377.2 किलोमीटर में वृद्धि हुई है।

गुजरात की विस्तृत तटरेखा, जो कभी गौरव का प्रतीक थी, अब भेद्यता और जलवायु परिवर्तन के दूरगामी परिणामों का प्रतीक बन गई है।

## कोलकाता में एक साथ 1 लाख लोग करेंगे गीता पाठ, पीएम मोदी ने लिखा खास संदेश

**कोलकाता,24 दिसंबर।** आज कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड एक साथ एक लाख से ज्यादा लोग गीता पाठ करेंगे. ऐसे में पीएम मोदी ने लोगों के नाम एक खास संदेश लिखा है. बता दें कि गीता जयंती के उपलक्ष्य में सामूहिक गीता पाठ होना है. जिसे बांग्ला में लोक्खो कंठे गीता पाठ नाम दिया गया है. बताया गया कि पीएम मोदी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे लेकिन अब खबर आई है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम में नहीं पहुंचेंगे. हालांकि प्रधानमंत्री ने एक खास संदेश जारी करके कार्यक्रम की तारीफ की है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने खास संदेश में लिखा, कोलकाता के परेड ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा लोक्खो कॉन्ठे गीतार पाठ कार्यक्रम बेहद सराहनीय है. पीएम मोदी ने आगे कहा कि इसे संयुक्त रूप से सनातन संस्कृति संसद, मातीलाल भारत तीर्थ सेवा मिशन आश्रम और अखिल भारतीय संस्कृत परिषद द्वारा आयोजित किया जा रहा है. संदेश में पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं, ज्ञान, दर्शन-आध्यात्मिक बौद्धिकता, समावेश, सांस्कृतिक विविधता और सद्भाव का मिश्रण है.

प्रधानमंत्री ने लोगों के नाम लिखे संदेश में कहा कि श्रीमद भागवत गीता महाभारत काल से लेकर हमारी स्वतंत्रता तक और अब भी हम सभी को प्रेरित कर रही है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि गीता हमें एक अर्थपूर्ण जीवन जीने का रास्ता दिखाती है साथ ही जीवन की चुनौतियों से निपटना सीखाती है.

अखिल भारतीय संस्कृत परिषद और मोतीलाल भारत तीर्थ सेवा मिशन की ओर से आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम में एक लाख से ज्यादा लोग एक साथ गीता पाठ करेंगे. कार्यक्रम में भाग लेने के लिए देश विदेश से 300 से ज्यादा संत कोलकाता पहुंचे हैं. पहले पीएम मोदी का नाम मुख्य अतिथि के रूप में सामने आया था लेकिन अब वह कोलकाता में होने वाले इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे.

## एक नजर

### कलेक्टर ने ली जल जीवन मिशन एवं खाद्य विभाग की समीक्षा बैठक

**मोहला 24 दिसंबर।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जल जीवन मिशन अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यो की समीक्षा की। कलेक्टर ने योजना अंतर्गत सभी निर्माण कार्यो की अद्यतन समीक्षा की बैठक में कलेक्टर ने स्थिति की जानकारी लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया कि, जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत सभी निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूर्ण करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि, गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन एक महत्वपूर्ण योजना है। इससे नागरिकगणों को स्वच्छ जल की आपूर्ति किया जाना सुनिश्चित होगा। उन्होंने अभी तक स्वीकृत निर्माण कार्यो, प्रगति रथ निर्माण कार्यो एवं लंबित निर्माण कार्यो की जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब करने वाले संबंधित निर्माण एजेंसी पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने निर्देशित किया है। कलेक्टर ने खाद्य विभाग की बैठक में नये गैस कनेक्शन, गैस की रिफिलिंग की जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत किये गये गैस कनेक्शन वितरण एवं रिफिलिंग की भी जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने कहां की जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए हितग्राहियों को अपने घर के आसपास ही रिफिलिंग की सेवा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रिफिलिंग करने के लिए हितग्राहियों को अनावश्यक परेशानी ना हो, इस पर विशेष ध्यान रखें। उन्होंने धान खरीदी, धान के उठाव, परिवहन एवं संग्रहण व लिंकिंग की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### सरबदा मड़ई 7 को

**अंवरी 24 दिसंबर।** समस्त ग्रामवासी के सहयोग से ग्राम सरबदा में 7 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है । जिसमें रात्रि कालीन मनोरंजन के लिए सोने के मुंदरी पोटियाडीह (धमतरी) का कार्यक्रम रखा गया है यह जानकारी सरपंच चैतन्य गिरी गोस्वामी ने दी।

### भूमिहीनों के लिए आयोजित पट्टा शिविर में मिले 1429 आवेदन

**दुर्ग 24 दिसम्बर।** दुर्ग कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग और नगर निगम द्वारा एक दिवसीय पट्टा से संबंधित शिविर का आयोजित किया था। जिसमे शहर के चार जोन में शिविर लगाया गया था।शिविर में पट्टे हेतु 1429 आवेदन प्राप्त हुए स्थल सामुदायिक भवन मुक्तिधाम वार्ड कं0 04, मानस वाटिका शक्तिनगर वार्ड कं0 18, सामुदायिक भवन सूर्योदय नगर (कुष्ट आश्रम) वार्ड कं0 39, बोरसी जोन कार्यालय वार्ड कं0 50, में आयोजित किया गया हैं।जोन 1 में पट्टे के 154 आवेदन,जोन ( 2 ) में 600 आवेदन,जोन 3 में 163 आवेदन एवं जोन 4 में 512 आवेदन प्राप्त हुए।पट्टे के कुल 1429 आवेदन प्राप्त हुए।

### नगर निगम ने नवनिर्वाचित विधायक का किया भव्य स्वागत एवम सम्मान

**दुर्ग 24 दिसम्बर।** नगर पालिक निगम द्वारा श्रध्देय मोतीलाल वोरा सभागार पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे नवनिर्वाचित विधायक गजेंद्र यादव को सम्मानित किया गया।महापौर धीरज बाकलीवाल,सभापति राजेश यादव,आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने विधायक गजेंद्र यादव को स्मृति चिन्ह देकर व फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया।इस दौरान अब्दुल गनी,दीपक साहू,भोला महोबिया,जयश्री जोशी,नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा,देवनारायण चन्द्राकर,शेखर चन्द्राकर,नरेंद्र बंजारे,राकेश सेन,शिवेंद्र परिहार,अरुण सिंह,काशीराम कोसरे,विजेंद्र भारद्वाज,मनीष साहू,मीना सिंह,हेमा शर्मा एवं एमआईसी सदस्यगण/पार्षदगण व पूर्व एल्डरमेन सहित अधिकारी/कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। नगर निगम के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण व छत्तीसगढ़ स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के द्वारा नवनिर्वाचित विधायक गजेंद्र यादव का फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत कर सम्मान किया! इस दौरान नगर निगम के नये सभागार श्रद्धये मोतीलाल वोरा में सम्मान समारोह कार्यक्रम के विधायक गजेंद्र यादव ने कहा विकास कार्यो में कोई बाधा नही आयेगी, हर कार्य को प्राथमिकता से किया जायेगा।उन्होंने नगर निगम द्वारा कोरोना काल के दौरान किये गये कार्यो की सराहना की।उन्होंने ये भी कहा कि मेरा रिश्ता नगर निगम से पूर्व से रहा है।विधायक गजेंद्र यादव ने कहा निगम मेरा कर्मभूमि है।निगम से मैंने बोलना और कार्य करना सीखा है। पार्षद रहने के दौरान उन्होंने अपने अनुभव को साझा किया।राज्य शासन से किसी भी कार्य के लिये व्यक्तिगत जिम्मेदारी मानते हुए त्वरित निराकरण कराए जाने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल ने स्वागत सम्मान में कहा कि नगर निगम के विकास कार्यो के लिये दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विकास कार्य में हम सबकी भागीदारी हो ।महापौर ने कार्यक्रम के दौरान विधायक से निवेदन किया कि शहर में कचरा डंप करने के लिये जगह नही है।जिससे बड़ी समस्या हो रही है।उन्होंने बताया कि रसमड़ा के पास रिक्त जगह है। जिसे जिला प्रशासन से अनुमति के लिए चर्चा हो ताकि शहर का कचरा वहां डंप हो सके।उन्होंने ये भी मांग करते हुए कहा कि दुर्ग निगम के पास अपना नगर निगम कार्यालय नही है।उन्होंने बताया कि नगर निगम के बाजू में रिक्त जगह है,कलेक्टर द्वारा उस जगहें की एनओसी दे दी गई है।नया नगर निगम भवन के लिए पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा भेंट मुलाकात के दौरान स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।इसके लिए महापौर ने विधायक से निवेदन कर राशि हेतु प्रक्रिया को आगे बढ़ाने कहा ताकि हम सबको नया नगर निगम कार्यलय मिल सके।कार्यक्रम के दौरान कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,भवन अधिकारी, गिरीश दीवान,राजकमल बोरकर,राजकिशोर पालिया व्हीपी मिश्रा के अलावा समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपास्थित रहे।

# क्रिसमस को लेकर मसीही समुदाय में उल्लास का माहौल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 दिसम्बर।** प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए ईसाई समुदाय द्वारा तैयारियां पूरे जोर-शोर से की जा रही हैं। इसे लेकर समस्त गिरजाघरों में विशेष व्यवस्था की गयी है। चर्चों में आकर्षक लाइटिंग की गयी है और सजाया गया है। यहाँ विशेष प्रार्थना सभाएं हो रही हैं और ईसा मसीह के आगमन को लेकर स्वागत गीत गए जा रहे हैं। पवित्र बाइबिल का पाठ किया जा रहा है। ईसाई समुदाय के घरों में भी क्रिसमस को लेकर उल्लास का माहौल है जहाँ घरों को आकर्षक रूप से सजाया गया है। कैरोल संगीत बज रहे हैं और विभिन्न प्रकार के मनोरंजक कार्यक्रमों का भी आयोजन हो रहा है जिसमें ईसा मसीह के जीवन से संबंधित झलकियां पेश की जा रही हैं। खासकर बच्चे केक काटकर क्रिसमस को खूब सेलिब्रेट कर रहे हैं। सांता क्लॉज की वेशभूषा में तोहफे बांटने का क्रम भी चल रहा है और बच्चे मौज-मस्ती कर रहे हैं। क्रिसमस ट्री एवं कैंडल भी आकर्षण के केंद्र में हैं। सोमवार को शहर में क्रिसमस की धूम रहेगी।



### करुणा की प्रतिमूर्ति हैं प्रभु यीशु



ईसा मसीह के रूप में साक्षात परमेश्वर का जन्म हुआ। प्रभु के जन्मोत्सव को क्रिसमस-डे के रूप में मनाया जाता है। ईसा मसीह का जन्म मानवता पुनरुद्धार के लिए हुआ। यीशु मसीह का जन्म जिस जगह पर हुआ वहां कुछ दूरी पर गड़रिये भेड़ चरा रहे थे। कहा जाता है कि भगवान स्वयं देवदूत का रूप धारण कर वहां आए और उन्होंने चरवाहों से कहा कि यहाँ मुक्तिदाता का जन्म हुआ है जो स्वयं भगवान ईसा हैं।

**जॉन जोसफ, सेंट मेरी प्रेस**

### त्याग और बलिदान के प्रतीक हैं यीशु मसीह



क्रिसमस का दिन दुनिया के लिए अनमोल है। इस दिन प्रभु यीशु मसीह का जन्म हुआ था। वे त्याग और बलिदान के प्रतीक थे। हम लोग प्रभु की आराधना में पूरी रात बिताते हैं और बच्चों के साथ क्रिसमस सेलिब्रेट करते हैं। ईसा मसीह विश्व शांति और मानवता उद्धारक हैं।

**सिसिली जॉन, ईसाई विदुषी**

# गोदाम से अन्न निकलना लूट नहीं भोजन का अधिकार दिलाना था:ललित ठाकुर

**अंवरी 24 दिसंबर।** ग्राम भाठागांव में 23 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस मनाया गया ।सर्वप्रथम ग्राम के गलियों में सुवा कर्मा नित्य ,दल गाजे बाजे के साथ थिरकते हुए रखते हुए, ग्राम के गलियों में कलश यात्रा निकली गई । इस यात्रा में सैकड़ो महिला पुरुष बच्चे शामिल थे। शहीद वीर नारायण सिंह भोजन के अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी थी । भयानक आकाल के समय व्यापारी अपने गोदाम में अवैध तरीके से अन्न के भंडार भर दिए थे ।शुद में भी नहीं दिए जाने के कारण उन्होंने अन्न के गोदाम से जरूरत के हिसाब से अन्न निकाल कर गरीबों भूख प्यास से तड़पते लोगों में बटवा दिया था। जमाखोरी के खिलाफ आवाज उठाई थी गोदाम से अन्न निकलना लूटने नहीं बल्कि लोगों को भोजन के अधिकार दिलाना था। उपरोक्त बातें ठाकुर राम नेताम जय ,देवनाथ नेताम द्वय ने अपने उद्बोधन में कहा जनता को भूख से तड़पते देख सहन नहीं कर सके और मांगने पर भी नहीं दिए तो जरूरत के मुताबिक साहूकार माखनलाल के गोदाम से अपने प्रजा के लिए अन्न से भरे गोदाम खुलवाकर प्रजा जरूरत के हिसाब से बटवा दिया था। कसूर बस इतना ही था। वीर नारायण सिंह के इस कार्य से अंग्रेज बौखला गए और छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के जय स्तंभ चौक में फांसी देने के बाद तोप से उड़ा दिया। 1857 में अंग्रेजों के खिलाफआजादी के बिगुल फुकईया पहले व्यक्ति शहीद वीर नारायण सिंह थे। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए आगे कहा वीर नारायण सिंह तीन सौ गांव के मालगुजार थे। आकाल के समय प्रजा को भूख से तड़पते देख अपने अन्न के सभी सभी भंडार पहले ही खोल चुके थे। पूरा नहीं हुआ तो माखनलाल व्यापारी के यहां शूद में अनाज मांगने पर नहीं देने के कारण अनाज के गोदाम खुलावा दिए थे । अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का जंग छेड़ने वाले पहले व्यक्ति थे। सभा को बारी-बारी से ललित ठाकुर, कुलंजन सिंह मांडवी,हरिश्चंद्र मांडवी ,खेमराज चंद्राकर, ने भी संबोधित किया। सभा में प्रमुख रूप से कमल सोरी, पोखराज नेताम ,लकेश्वर नेताम, बालमुकुंद नेताम,राधेलाल मरई, कुलेश्वर छेदैया,बोधन छेदैया ,घनश्याम कुंजाम, निखिल ओटी, बोधन छेदैया, जन्मजेय ध्रुव, फलेंद्र छेदैया,ओम प्रकाश साहू, माहेश्वरी नेम श्याम भाई नेताम, रामेश्वरी नेताम रैन बाई नेताम, दिनेश्वरी नेताम, इंदिरा बाई कोडप्पा, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



# एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता-2023 का समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 दिसम्बर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में 21 से 23 दिसम्बर तक तीन दिवसीय एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता-2023 का समापन समारोह, संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में 23 दिसम्बर 2023 को सम्पन्न हुआ। जिसका आयोजन भिलाई निवास के एमपी हॉल में किया गया। अपने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि अनिर्बान दासगुप्ता ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यद्यपि शतरंज को इनडोर खेल की श्रेणी में रखा जाता है, पर साथ ही यह एक बौद्धिक खेल भी है7 शतरंज एकाग्रता का खेल है, ऐसी एकाग्रता का प्रयोग हम अपने कार्यक्षेत्र में कर सकते हैं। उक्त अवसर पर कार्यपालक निदेशक पवन कुमार तथा मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में बीएसपी शतरंज क्लब और ओए के अध्यक्ष एन के बंछोर, महाप्रबंधक सूरज कुमार सोनी, ओए सचिव परविंदर सिंह, उपमहाप्रबंधक एस आर जाखड़ समेत बीएसपी के एससीसीए विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कार्मिक गण उपस्थित थे। स्वागत भाषण एस आर जाखड़ ने प्रस्तुत किया तथा सुप्रियो सेन ने संचालन किया।



# कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के जल्द निराकरण के दिए निर्देश



**दुर्ग, 24 दिसम्बर।**कलेक्टर श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने जिले में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत वार राजस्व शिविर आयोजित करने एवं शिविर में राजस्व कर्मचारी पटवारी, आरआई के साथ तहसीलदार/नायब तहसीलदार को उपस्थित रहकर निराकरण करने के निर्देश दिया गया और इसके लिए सभी एसडीएम को राजस्व शिविर का नोडल अधिकारी होंगे। साथ ही शहरी क्षेत्र में भी वार्ड के अनुसार राजस्व शिविर आयोजित हो और इसका रोस्टर जारी हो। अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन पर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। राजस्व अमले लगातार निगरानी कर कार्यवाही करें। नगरीय निकाय सहित ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को इसका लाभ मिले कार्यवाही समय पर करने हेतु सभी आयुक्त, सीएमओ सहित सीईओ को निर्देशित किया गया। 25 दिसंबर 2023 को सुशासन दिवस के अवसर पर शासन के निर्देश अनुसार कार्यवाही करने एवं बोनस वितरण के कार्य एसडीएम को स्वयं की देख-रेख में करने के लिए कहा। जिला सहित सभी जनपद सीईओ को नरेगा कार्य धीमी है उसमें अधिक से अधिक श्रमिकों को कार्य दिया जाए।

### भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर किसानों के घर आयेगी लक्ष्मी

**मोहला 25 दिसंबर।** भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मजयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ के किसानों के खाते में 2 साल का धान का बकाया बोनस राशि अंतरित किया जायेगा। यह दिन किसानों के लिए खुशियों की झोली लेकर आ रहा है। इस तिथि को किसानों के खाते में 2 साल का धान का बकाया राशि किसानों के खाते में अंतरित किया जायेगा। राज्य के साथ ही जिले के किसानों को इस दिन का खास इंतजार है। 25 दिसंबर सुशासन दिवस के अवसर पर जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में समर्थन मूल्य पर धान बेचेने वाले किसानों के खाते में 2 साल का बकाया बोनस राशि अतंरित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि, जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत वर्ष 2014-15 में 14446 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया था। इसी प्रकार वर्ष 2015-16 में 9269 किसानों के द्वारा समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया गया है। वर्ष 2014-15 के लिए 14446 किसानों को 17 करोड़ 81 लाख 51 हजार रुपए की राशि अंतरित किया जायेगा। इसी तरह 2015-16 के लिए 9269 किसानों को 7 करोड़ 18 लाख 69 हजार रुपए की राशि अंतरित किया जायेगा।

# छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग टीम के लिए प्रतिभागियों का चयन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 दिसम्बर।** फेडरेशन कप राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता 27 से 29 दिसम्बर इंदौर में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग टीम में निम्नलिखित प्रतिभागियों का चयन किया गया है - जे भागवत राव (66 किग्रा. वर्ग, दुर्ग जिला), श्रीनू राव (105 किग्रा. वर्ग, दुर्ग ज़िला), मयंक सोनी (120 किग्रा. वर्ग, भिलाई इस्पात संयंत्र), आसिफ़ अली ख़ान (120 किग्रा. वर्ग, भिलाई इस्पात संयंत्र), तथा निर्णायक के रूप में नश्क़र टंडन (राष्ट्रीय निर्णायक कैटेगरी 1, दुर्ग ज़िला) कृष्णा साहू (अंतरराष्ट्रीय निर्णायक कैटेगरी 1, भिलाई इस्पात संयंत्र) एवं जयदीप साहू (राष्ट्रीय निर्णायक कैटेगिरी 2, दुर्ग ज़िला)। इस प्रतियोगिता के आधार पर खिलाड़ियों का चयन दिनांक 5 से 11 मई 2024 तक हांगकांग में होने वाली एशियन पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु भारतीय टीम में किया जाएगा । उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ टीम में चयनित उक्त चारों खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अनेकों बार पदक जीत कर छत्तीसगढ़ राज्य को गौरवान्वित किए हैं । ज्ञात हो कि इस प्रतियोगिता में वर्ष 2023 के राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को खेलने का अवसर मिलेगा साथ ही बेस्ट परफॉर्मेंस के आधार पर राज्य संघ की अनुशंसा पर खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा । यह जानकारी छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग संघ के महासचिव कृष्णा साहू (विक्रम, गुंडाधुर, वीर हनुमान सिंह एवॉर्डी) द्वारा दिया गया है ।



### सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में बीएसपी का गो ग्रीन अभियान

# जेएलएन अस्पताल के नए पार्किंग से बीएसपी के गो ग्रीन अभियान को मिलेगी मजबूती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 दिसम्बर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में, बीएसपी के गो ग्रीन अभियान को मजबूती प्रदान करते हुए फोर व्हीलर एवं टू व्हीलर के पार्किंग हेतु, नव विकसित किए जाने वाले स्टैंड के निर्माण किया जा रहा है। जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र के सेल ग्रीन टाइल्स प्लांट (एसजीटीपी) द्वारा, संयंत्र के वेस्ट प्रोडक्ट से निर्मित पेवर ब्लॉक का उपयोग किया जा रहा है। एक लाख स्क्वायर फिट से भी अधिक एरिया में बनने वाले इस नये पार्किंग स्टैंड के कार्य का शुभारंभ, 23 दिसंबर 2023 को मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार द्वारा किया गया। पार्किंग कार्य का शुभारंभ अंजनी कुमार द्वारा, प्रथम पेवर ब्लॉक लगाकर तथा नारियल फोड़ कर किया गया। इस अवसर पर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी, मुख्य महाप्रबंधक सुशील कुमार, महाप्रबंधक दिनेश कुमार अग्रवाल, अतिरिक्त चिकित्सा अधिकारी डॉ एस मुखर्जी एवं पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें) डॉ राजीव कुमार पाल विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में जेएलएन अस्पताल के मेंटेनेंस सर्विसेस के महाप्रबंधक शाहिद अहमद, महाप्रबंधक बलवीर सिंह की टीम सहित चिकित्सकगण, नर्सिंग स्टाफ एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित थे।



## समाचार संक्षेप

### प्राथमिक शाला जोरातराई में किया गया भूमिपूजन



**अंवरी 24 दिसंबर।** ग्राम पंचायत जोरातराई में प्राथमिक शाला भवन की पूर्व सरकार के द्वारा मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत किया गया जो लंबे समय से मांग करते आ रहे थे। उसे माननीय श्री भूपेश बघेल माटी पुत्र के द्वारा स्वीकृति प्रदान किए गए हैं जिसका भूमि पूजन कार्य किया गया जिसमें उपस्थित श्रीमती परमेश्वरी महेंद्र साहू सभापति जनपद पंचायत कुरूद, सरपंच खिलावन पाल, शाला विकास समिति अध्यक्ष नंदकुमार साहू ,पूर्व सरपंच टेकराम साहू, पूर्व सरपंच मानक लाल साहू ,सुदामा राम साहू, ग्राम पटेल महेंद्र साहू, बंसीलाल साहू, उत्तम साहू, पंच पितांबर ,घसिया कुर्रे ,छबिराम साहू, कुलेश्वर साहू, श्रीमती फेकन साहू ,कृष्णा साहू ,किरण साहू, पंच लक्ष्मी साहू, पंच लिकेश्वरी साहू ,पंच आशवती निर्मलकर पंच एवं प्रधान पाठक जी आर साहू, स्टाफ महेंद्र साहू, होचंदडान्डे सोनकर, पुष्पा ठाकुर, व गांव के गणमान्य व्यक्ति के समक्ष भूमि पूजन कार्य किया गया।

### अवैध कब्जों के खिलाफ बीएसपी निरंतर कर रहा है सख्त कार्रवाई



**भिलाई, 24 दिसम्बर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के संपदा न्यायालय के आदेश पर, संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा, ट्रैफिक पुलिस व भिलाई नगर पालिक निगम के साथ मिलकर अवैध कब्जेधारियों तथा सड़क किनारे अवैध रूप से लगे ठेले इत्यादि के विरुद्ध विगत दिनों से ÷अवैध कब्जा हटाओ÷ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 23 दिसम्बर 2023 को दोपहर 12.00 बजे, डिक्री आदेश जारी कर इनके बेदखली हेतु, बीएसपी की भूमि/परिसर पर अवैध कब्जाधारियों के विरूध्द विशेष अभियान चलाया गया।

### किसानों के लिए दौड़ा भिलाई, युवा बच्चे और बड़े भी हुए शामिल



**भिलाई, 24 दिसम्बर।** धावला फाउंडेशन के द्वारा शनिवार 23 दिसंबर को रन फॉर फार्मर्स (किसानों के दौड़) का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव उपस्थित रहे। यह दौड़ 5 किलोमीटर की रही गई थी। जिसमे भी लोग शामिल हुए। युवा बच्चे से लेकर जवानों ने भी हमारे अन्न दाताओं के लिए दौड़ लगाई। । इसका उद्देश्य समाज के हमारे सबसे योग्य सीमांत किसानों की मदद करना एवं आम जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए यह दौड़ टाउनशिप में राष्ट्रीय किसान दिवस 23 दिसंबर को सुबह 7 बजे आयोजित की गई। इसमें पुरुष और महिला प्रतिभागी निशुल्क इसमें भाग लिए। इसे चार श्रेणी के आयु समूह में बांटा गया है। जिनमें 12 से 15 वर्ष 15 से 25 वर्ष और 25 से 50 वर्ष और 50 वर्ष से ऊपर इसमें प्रतिभागी दौड़ लगा सकते है। प्रत्येक श्रेणी के लिए स्वर्ण रजत व कास्य पदक के पुरस्कार से सम्मानित किया गया । दौड़ने वाले लोग जो है उन्हें जर्सी व प्रमाण पत्र भी संस्था द्वारा प्रदान किया गया।

### जिले की 8 ग्राम पंचायतों में किया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन

**मोहला 24 दिसंबर।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन की निगरानी में जिले में विकसित भारत संकल्प पर यात्रा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर सभी शिविरों पर नजर रखते हुये अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने निर्देशित किया है। विभागीय अधिकारियों से मुखर होकर विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के आयोजन संबंधी जानकारी ले रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन होने से ग्रामीण हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिलने लगा है। हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में हितग्राहियों का उत्साह देखने को मिल रहा है। एक ही मंच पर विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। आज जिले के अंतर्गत 8 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहें। शिविर में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित किया। शिविर में अधिकारीयों ने नागरिगणों की जरूरत, समस्याओं, मांगो को सुनने के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही किया।

## एक नजर

### सूने मकान में डेढ़ लाख की चोरी

**भिलाई 24 दिसंबर।** सीएएफ प्रथम वाहिनी नेहरू नगर में पदस्थ एपीसी के सूने घर में चोरी की घटना हुई है। अज्ञात आरोपित ने घर के दरवाजे का ताला तोड़कर दीवान में रखे सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। चोरी गए जेवरात की कुल कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये आकी गई है। शिकायत पर मोहन नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर उसकी तलाश शुरू की है पुलिस ने बताया कि हरि नगर कातुलबोर्ड दुर्ग निवासी शिकायतकर्ता उत्तम राव महाजन सीएएफ प्रथम वाहिनी में एपीसी (असिस्टेंट प्लाटून कमांडर) है शिकायतकर्ता सुबह घर पर ताला लगाकर अपने गृहग्राम वाघाड़ी महाराष्ट्र गया था। वहां से वह 21 दिसंबर की रात को वापस लौटा तो उसे अपने घर के दरवाजे का ताला टूटा मिला। उसने अंदर जाकर देखा तो दीवान में कपड़े में लपेटकर रखे गए सोने-चांदी के आभूषण गायब थे पुलिस ने आरोपित की पतासाजी शुरू की है लेकिन अब तक कोई भी सुराग नहीं मिल सका है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भिलाई 24 दिसंबर।** भिलाई - 3 थाना क्षेत्र ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज इंजीनियरिंग पार्कस्थित गौरीक इन फैक्ट कंपनी में नौकरी कर रहे किशोर कुमार साहू (25 वर्ष) ने कंपनी में फांसी फांसी लगा ली उसने गेरवा से फंदा बनाया था पुलिस ने शव की नीचे उतारा मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है पुलिस ने बताया कि घटना रात की है किशोर कुमार साहू ग्राम बरसाटोला डोंगरगांव राजनांदगांव से आकर इस कंपनी के क्वार्टर में निवास कर नौकरी करता था परिजनों से पूछताछ में पता चला कि उससे छोटा एक बेटा है। उसकी शादी कर दिए हैं किशोर कुमार की शादी के लिए लड़की देखी थी लेकिन किशोर ने शादी करने से इनकार किया उसका कहना था कि उसे शारीरिक परेशानी है इसलिए शादी मंजूर नहीं है संभावना है कि उसी से क्षुब्ध होकर आत्मघाती कदम उठा लिया फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 25 को भाजपा मनाएगी अटल सुशासन दिवस

**कवर्धा 25 दिसंबर।** जिला बीजेपी महामंत्री संतोष पटेल ने बताया की कल भाजपा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भाजपा अटल सुशासन दिवस मनाएगी । सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोड़ तक अच्छे से लाभ पहुंचे और गुणवत्ता पूर्ण विकास एवं भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन व्यवस्था हो यह उद्देश्य है इसकी उक्त जानकारी देते हुए जिला बीजेपी महामंत्री संतोष पटेल ने कहा की छत्तीसगढ़ राज्य में लोकसभा चुनाव में भाजपा सभी ग्यारह सीट जीतेंगे जिसके लिए तैयारी शुरू की जा चुकी है।

# डबल इंजन की सरकार से छत्तीसगढ़ के विकास में आयेगी तेजी:मुख्यमंत्री

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केन्द्रीय गृह मंत्री, वित्त मंत्री एवं रेल मंत्री से मुख्यमंत्री ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर, 24 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण एवं केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान राज्य के उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव और श्री विजय शर्मा भी उनके साथ थे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री एवं मंत्रीगणों से छत्तीसगढ़ के हितों और विकास को लेकर सार्थक चर्चा हुई है। प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्रीगणों से छत्तीसगढ़ के विकास कार्यों के संबंध में मार्गदर्शन मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार होने से छत्तीसगढ़ के विकास के कामों में तेजी आयेगी। विकास के कई काम पांच सालों से रूके पड़े थे। अब रूके हुए काम पूरे होंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को 2485.79 करोड़ की राशि जारी करने व सेंट्रल पूल में 15 लाख मेट्रिक टन उसना चावल लिए जाने की अनुमति देने पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि केंद्र सरकार से मिली राशि से



समाज कल्याण की योजनाओं तथा अधोसंरचना विकास की योजनाओं के वित्तीय पोषण में मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय मंत्रीगणों से मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 'मोदी की गारंटी' पर त्वरित निर्णय लेकर अमल शुरू किए जाने की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जी की घोषणा के अनुरूप सरकार गठन होते ही प्रथम कैबिनेट बैठक में 18 लाख से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं। वहीं, राज्य के किसानों से किये वादे के अनुरूप छत्तीसगढ़ सरकार ने 1 नवंबर 2023 से ही 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान 3100 रुपये की दर से खरीदने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 'राष्ट्रीय सुशासन दिवस' के अवसर पर हम राज्य के 13 लाख से अधिक किसानों को दो साल का बकाया धान की बोनस राशि 3716 करोड़ 38 लाख रुपये का भुगतान करने जा रहे है। उन्होंने अनुपूरक बजट में महतारी वंदन योजना, जल जीवन मिशन, कृषक जीवन ज्योति योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि योजनाओं के लिए भी राशि का प्रावधान किए जाने के बारे में भी जानकारी दी।

# मॉडिफाई साइलेंसर लगाने वाले बुलेट वाहनचालकों के खिलाफ यातायात पुलिस की कार्रवाई

■ **विशेष अभियान चलाकार तीन दिनों में 27 मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग कर साइलेंसर द्वारा पटाखे फोड़ने एवं तेज रफ्तार से बुलेट वाहन चलाने वाले चालकों पर की गई कार्रवाई**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 24 दिसंबर।** कबीरधाम जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा लगातार यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश राठौर के निर्देश, यातायात प्रभारी श्री महेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में पिछले तीन दिनों में 27 मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग कर साइलेंसर द्वारा पटाखे फोड़ने एवं तेज रफ्तार से बुलेट वाहन चलाने वाले चालकों पर विशेष अभियान चलाकार कार्यवाही किया गया। अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर यातायात पुलिस टीम तैनात की गई थी। कार्यवाही के साथ पुलिस द्वारा चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया। कबीरधाम



पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने बताया कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व हादसों से बचाने के लिए नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत ऐसे बुलेट चालकों को चिन्हित किया जा रहा है, जिन्होंने अपनी बुलेट में अतिरिक्त साउंड के लिए साइलेंसर लगाए हैं इसके साथ ही शहर में तेज रफतार से वाहन चलाते है। उन्होंने बताया कि यातायात पुलिस द्वारा ड्रिंक एंड ड्राइव करने वालों पर भी विशेष अभियान चलाकर लगतार कार्यवाही किया जा रहा है। इसके साथ ही गन्ना परिवहन करने वाले वाहनों में रेडियम लगाया जा रहा है और यातायात के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यातायात प्रभारी महेश्वर सिंह ने बताया कि तीन दिनों में विशेष अभियान चलाकर 27 बुलेट चालकों पर कार्यवाही किया गया।

## समाचार संक्षेप

### दहेज प्रताड़ना के आरोपियों को मिली सजा

**भिलाई 24 दिसंबर।** विवाह के बाद मायके से रकम लाने एवं पिता के जायदाद में हिस्सा मांगने की बात को लेकर पीड़िता को ससुराल में सताने वाले पति, ससुर, सास एवं ननंद को कोर्ट ने सजा दी है। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी गणेश राम पटेल की कोर्ट ने पीड़िता के पति निमिष अग्रवाल को पत्नी के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने के आरोप में धारा 377 के तहत 9 वर्ष सश्रम कारावास एवं 10,000 रुपए अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न कर पाने पर 1 वर्ष के सश्रम कारावास, धारा 323, दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 व 4 के तहत 1 वर्ष का सश्रम कारावास, 1000 रुपए अर्थदंड से दंडित किया पीड़िता के ससुर सुनील अग्रवाल एवं सास रेखा अग्रवाल को धारा 498 ए, 323 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 व 4 के तहत 10-10 माह के साधारण कारावास, 1-1 हजार रुपए अर्थदंड, पीड़िता की ननंद नेहा अग्रवाल को 6 माह का कारावास एवं 1000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक श्रीमती पूजा मोंगरी ने पैरवी की थी पीड़िता का विवाह 16 जनवरी 2007 को नेहरू नगर भिलाई निवासी आरोपी निमिष अग्रवाल के साथ संपन्न हुआ था। विवाह के पूर्व पीड़िता की सास रेखा अग्रवाल एवं सुनील अग्रवाल द्वारा पीड़िता के मायके वालों पर दबाव बनाया गया कि उसके ससुराल वालों का बड़े-बड़े लोगों के साथ उठना बैठना इसलिए शादी में वे लोग अच्छे से अच्छा इंतजाम करें। उनके दबाव के चलते पीड़िता के पिता ने शादी के समय अपने हैसियत से बढ़कर अच्छा इंतजाम किया था। शादी के बाद उसके साथ ससुर एवं पति उसे अपने पिता की जायदाद में हिस्सा मांगने के लिए दबाव देने लगे। ससुराल वाले आए दिन ताना देकर उसे परेशान करने लगे। ससुराल वाले शादी के बाद मायके से रकम लाने के लिए प्रताड़ित करने लगे थे।

### संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में संतोष पटेल ने पुरस्कार बांटे



**कवर्धा 24 दिसंबर।** संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि जिला बीजेपी महामंत्री संतोष पटेल ने उद्बोधन में कहा की खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है । शिक्षा पर भी छात्र छात्राएं अच्छे से ध्यान दे और खूब पढ़ाई करे । रेंगाखार संकुल , सिवनी संकुल और लिहारीडिह में मुख्य अतिथि के रूप में संतोष पटेल शामिल हुए । कबड्डी और खो खो और अन्य खेल प्रतियोगिता देखकर अतिथिगण और बच्चे मुग्ध हुए । जीते गए छात्र छात्राओं को जिला बीजेपी महामंत्री ने पुरस्कार वितरण किया । मंडल अध्यक्ष मंगलू सिंह , पूर्व मंडल अध्यक्ष भुवनेश्वर पटले, पूर्व मंडल अध्यक्ष कपूर चंद ठाकरे जनपद सदस्य विजय पटेल , जनपद सदस्य लेखराम पंचेश्वर सहित टीचर्स एवं बच्चे एवं ग्रामीण उपस्थित रहे ।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध की कार्रवाई

**राजनांदगांव 24 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया है की अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर वाहनों की चेकिंग करें जिस पर जिले के समस्त थाना/चौकी एवं यातायात पुलिस द्वारा दिनांक 23/12/2023 को एमसीपी लगाकर आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग किया गया। यातायात नियमों उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्यवाही कर यातायात नियमों के संबंध में लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।





**कवर्धा 24 दिसंबर।** डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने गुलदस्ता भेंटकर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से सौजन्य मुलाकात की।

# निगम चला रहा है राजस्व वसूली अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 दिसम्बर।** वित्तीय वर्ष 2023-24 में सत प्रतिशत राजस्व वसूली के लिये नगर निगम द्वारा सुनियोजित अभियान चलाया जा रहा है। लक्ष्य के अनुरूप वसूली के लिये एक तरफ वार्डो में शिविर आयोजित किया जा रहा है, वही राजस्व अमला द्वारा घर घर जाकर बकाया करों की वसूली की जा रही है। इसी कडी में कल निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, उपायुक्त श्री मोबिन अली तथा राजस्व अमला के साथ डोंगरगांव रोड के बड़े उद्यमियों के व्यवसाय स्थल में जाकर बकाया कर की जानकारी लेकर करो का भुगतान करने की समझाईस दिये। उन्होंने बकायादारों से कहा है कि 31 दिसम्बर तक सम्पत्तिकर का भुगतान कर 4 प्रतिशत छुट का लाभ लेवे।

निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने राजस्व वसूली कार्यक्रम की जानकारी देते हुये बताया कि वर्तमान में नगर निगम की राजस्व वसूली शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप नहीं है। लक्ष्य के अनुरूप वसूली हेतु 12 वार्डो में प्रातः 10:00 बजे से 4:00 बजे तक 21 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक प्रतिदिन वार्डों में शिविर आयोजित की गयी है। जहॉ करदाताओं को सम्पत्तिकर भुगतान पर 4 प्रतिशत छुट तथा शिविर में सम्पत्तिकर के साथ साथ जलकर, समेकितकर,दुकान किराया/लायसेन्स/गुमटी एवं अन्य बकाया



की वसूली की जावेंगी। उन्होंने बताया कि शिविर के साथ साथ राजस्व की टीम घर घर जाकर बकायादारों के बकाया करों वसूली की जा रही है।

निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि कल राजस्व वसूली टीम के साथ डोंगरगांव रोड के बड़े उद्यमियों जिनदत्त मिल, पारख मिल व पोहा मिल जैसे बड़े उद्यमियों के व्यवसाय स्थल में जाकर बकाया कर का भुगतान करने समझाईस दी गयी। उन्होंने बताया कि जारी डिमाण्ड पंजी का स्थल में मिलान किया गया, आवासीय एवं व्यवसायिक स्थल के नाम पर डिमाण्ड से मिलाया गया। जिनका डिमाण्ड कम पाया गया वहॉ वर्तमान स्थल के आधार पर डिमाण्ड तैयार कर वसूली करने उपायुक्त श्री अली को निर्देशित किया गया।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि सभी बकायादार अपने करों का भुगतान करे, बड़े बकायादार जिनके द्वारा करों का भुगतान नहीं किया जायेगा, उनका नल विच्छेदन, समाचार पत्रों में नाम प्रकाशन के अलावा कुर्की की कार्यवाही की जावेंगी। उन्होंने कहा कि वार्डो में आयोजित शिविर स्थलों में किसी भी वार्ड के करदाता अपनी पुरानी भुगतान रसीद दिखाकर अपने बकाया करों का भुगतान कर सकते है तथा निगम राजस्व कार्यालय में कार्यालयीन अवधि एवं अवकाश के दिनों में भी अपने अपने बकाया करों का भुगतान कर सकते है। उन्होंने सभी नागरिकों से नगर निगम द्वारा आयोजित वार्ड शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्पत्तिकर में 4 प्रतिशत छुट का लाभ लेकर अपने बकाया करों का भुगतान कर नगर विकास में सहभागी बनने की अपील की है।

# रायपुर संभाग की बैठक में खिलावन श्रीवास को बनाया गया संभाग प्रभारी

**रायपुर 24 दिसंबर।** मायाराम सुरजन हाल में दोपहर 12:00 बजे से प्रांतीय अध्यक्ष श्री पुनीत राम सेन जी एवं क्रांति पदाधिकारी की उपस्थिति में संभाग स्तरीय बैठक आहूत की गई जिसमें धमतरी गरियाबंद महासमुंद बलोदा बाजार भाटापारा एवं रायपुर के जिला के पदाधिकारी गण शामिल हुए उक्त कार्यक्रम में सभी जिलों के अध्यक्षों ने मिलकर श्री खिलावन श्रीवास को संभाग का प्रभारी बनाया गया एवं प्रदेश कार्यकारिणी में श्री राम गोपाल सेन, श्री जीतू सेन श्री सुशील श्रीवास श्री चंद्रहास सेन को स्थान दिया गया आगामी दिनों में सभी जिलों के अंतर्गत प्रकोष्ठों का गठन करने का निर्णय लिया गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के वरिष्ठ जन जिसमें देहदान करने वाली महिला श्रीमती रेवती सेन, पत्रकार श्री विष्णु ठाकुर ,श्री नारायण सेन, श्री ईश्वर सेन, निशुल्क दिव्यांग बच्चों के बाल काटने वाले श्री सुखीराम सेन, श्री विजेंद्र सेन एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉ महेंद्र सेन, डॉ दिलीप सेन, डॉ लक्ष्मीकांत चंदेश्वर, डॉ पहलाद श्रीवास, को श्रीफल एवं पुष्प हार से स्वागत किया गया।। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ हेयर गुरु राज श्रीवास को निशुल्क प्रशिक्षण देने पर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्री गौरी शंकर श्रीवास श श्रीवास ,श्री भुवन लाल कौशिक, श्री रुपेश ठाकुर, श्री द्वारका प्रसाद श्रीवास, आनंद श्रीवास, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती श्वेता ठाकुर, श्रीमती गोदावरी सेन, श्रीमती विद्या सेन, श्री लीली श्रीवास, प्रतिभा सेन, कविता सेन, शैल कुमारी सेन, मुलेश्वर सेन , हरि सेन,धन सिंह सेन, मोहित राम सेन, विजय सेन, अरुण राजु सेन, रामनाथ सेन, सुखी सेन जीवित राम सेन, पूरे रायपुर संभाग के पदाधिकारी शामिल हुए। उस कार्यक्रम की जानकारी रायपुर जिला अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर ने दी।



### नाबालिग लड़की का अपहरण कर अनाचार करने वाला गिरफ्तार

**राजनांदगांव 24 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए थाने से पुलिस टीम तैयार की गई एवं पता तलाश हेतु टीम हैदराबाद (तेंलगाना) भेजा गया, जो पुलिस टीम द्वारा पता तलाश किया गया, जो अंततः अपहृता को बरामद करने में सफलता हासिल की गई एवं आरोपी को भी हैदराबाद (तेंलगाना) में ही धर-दबोचा गया। पुलिस टीम द्वारा हैदराबाद (तेंलगाना) से अपहृता एवं आरोपी को वापस लाकर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए मामले में धारा 366-ए, 376 (2), 376 (ढ) आईपीसी एवं 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत अन्य मुनासिब धाराओं का समावेश करते हुए आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। इस प्रकार अपहृता को बरामद करने एवं आरोपी के विरूद्ध सख्त प्रभावी कानूनी कार्यवाही करने में थाना प्रभारी श्री संतोष कुमार ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, साथ ही थाने से गठित टीम के प्र.आर. रमाशंकर सिंह, आर. नितिन यादव का विशेष योगदान रहा।



## विधायक अजय चंद्राकर करेंगे शिरकत

# सामाजिक महिलाओं नें कलश यात्रा के साथ की कुर्मी संझा कार्यक्रम की शुरुआत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरुद 24 दिसंबर।** कूर्मि समाज का 22वॉ वार्षिक आयोजन कूर्मी संझा कल 23 और 24 दिसम्बर को पुरानी मंडी कुरुद शुरु हो चुका है। जिसका कल भव्य कलश यात्रा सुबह 11 बजे चंडी मंदिर से प्रारंभ होकर पुराना बाजार से होते हुए नया बाजार ये पुरानी मंडी पहुंची। प्रथम सत्र के कार्यक्रम में मुख्यअतिथि व्ही.एस. निरंजन,अध्यक्षता विजय बघेल, विशिष्टअतिथि लता ऋषि चंद्राकर, धीरज पाटीदार, श्याम बैंस नारायण चंदेल, अध्यक्षता टंकराम वर्मा, अग्नि चंद्राकर, नीलम चंद्राकर, तारिणी चंद्राकर महेंद्र चंद्राकर, ईश्वरी वर्मा, छाया अमृत, दिनेश गौतम, कपिल कश्यप, पुष्पा नारायण चंद्रा, जागेश्वर वर्मा, पुष्पेंद्र चंद्राकर, जवाहर वर्मा, केवल वर्मा, पद्मिनी चंद्राकर, नविता चंद्राकर, रीना वर्मा, दीपेश चंद्राकर, हिमांशु वर्मा रहे।

कलश यात्रा के बाद राज गीत अतिथि स्वागत, स्वागत भाषण, समाज का प्रतिवेदन, वल्लभ भाई पटेल ट्रस्ट का प्रतिवेदन, कुर्मी गौरव सम्मान, छात्र प्रतिभा सम्मान, उपजाति प्रमुखों का उद्बोधन, जिला इकाइयों का प्रतिवेदन अध्यक्ष उद्बोधन, सांस्कृतिक कार्यक्रम



फिर आभार हुआ।

आज कार्यक्रम के अतिथि कुरुद विधायक अजय चंद्राकर, धरमलाल कौशिक और ललित चंद्राकर होंगे।

आयोजन में तपन चंद्राकर, छत्रपाल बैस, ज्योति चंद्राकर, नेहा चंद्राकर, ईश्वरी चंद्राकर, शिल्पा चंद्राकर, नीतू चंद्राकर, राखी चंद्राकर, संतोषी चंद्राकर, नेहा बैस, संतोष बैस, केशव बैस, नीलकमल चंद्राकर, पदमनी चंद्राकर, भावना बैस, नर्मदा चंद्राकर, पन्ना चंद्राकर, कृतेश, दीपक चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, योगेश मोंटू चंद्राकर, अभिषेक बैस, दीपेश चंद्राकर, एवीस वर्मा, केवल वर्मा, सत्यम चंद्राकर, केशव चंद्राकर, दीपक बैस, बैद्यनाथ चंद्राकर, खिलेन्द्र चंद्राकर, कृष्ण कुमार बैस, डॉ प्रवीण चंद्राकर, जीतेन्द्र चंद्राकर, भानुप्रताप बैस, प्रदीप चंद्राकर, वासुदेव चंद्राकर, योगेश मोंटू चंद्राकर, बीरेंद्र बैस, भारती बैस, दुर्गा बैस, नविता चंद्राकर, दुर्गेश्वरी, भावना बैस, भारती चंद्राकर, श्वेता, कविता चंद्राकर, डॉ रूचि चंद्राकर, कमलेश चंद्राकर, भोजराज चंद्राकर, विकास चंद्राकर प्रमुख रुप से मौजूद रहे।

### सरकार की घोषणा के परिपालन में मुख्य सचिव ने अधिकारियों की उच्च स्तरीय ली बैठक

**रायपुर, 24 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने आज यहां रायपुर के चिप्स कार्यालय में राज्य सरकार की घोषणा-पत्र के क्रियान्वयन और परिपालन के लिए समयबद्ध कार्य योजना तैयार करने के लिए राज्य शासन के विभागों के भारसाधक सचिवों की बैठक ली। बैठक में घोषणा-पत्र में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार के 100 दिन में किए जाने वालों कार्यों के संबंध में विभागीय अधिकारियों से व्यापक विचार विमर्श किया गया। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य शासन के 100 दिवस में किए जा सकने वाले कार्यों को तय कर समय सीमा में कार्य सुनिश्चित किया जाएं। मुख्य सचिव श्री जैन ने घोषणा-पत्र के क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों से त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने बैठक में घोषणा-पत्र के क्रियान्वयन के लिए बजट और नॉन बजट के कार्यों को अद्यतन कर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर और साईं पल्लवी स्टारर फिल्म रामायण को लेकर इन दिनों खासा बज है। सुपरस्टार रणबीर कपूर और साईं पल्लवी स्टारर निर्देशक नीतेश तिवारी की मूवी रामायण को लेकर एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। खबर है कि सुपरस्टार रणबीर कपूर की अपकमिंग मूवी रामायण जल्दी ही फ्लोर पर पहुंचने वाली है।



# गहन शोध का सुफल है श्रीमद् रामायण

मुंबई से करीब डेढ़ सौ किलोमीटर दूर उमरगांव में श्रीराम का भव्य दरबार सजा हुआ है। समीप ही लंकाधिपति रावण के स्वर्ण निर्मित दरबार में उनकी अहंकारपूर्ण दहाड़ सुनाई दे रही है। जी हां, ये है धारावाहिक श्रीमद रामायण का नयनाभिराम सेट। यहां श्रीमद रामायण की शूटिंग हो रही है। इस आकर्षक सेट को तैयार किया है जाने-माने सेट डिजाइनर उमंग कुमार ने। सेट इतना सुंदर बनाया गया है कि यह बिलकुल असली जैसा नजर आता है। इसे देखने के लिए उमरगांव जाना नहीं पड़ेगा। नए वर्ष में एक जनवरी 2024 से हर सोमवार से शुक्रवार रात नौ बजे से सोनी टीवी पर श्री राम दरबार के दर्शन होंगे। सीता-राम, लक्ष्मण व हनुमान जी समेत सारे किरदारों को कलाकारों ने जीवंत किया है। रावण की भूमिका दर्शकों को लंका दरबार के कल्पना लोक में ले जाएगी। धार्मिक सीरियल बनाने के महारथी स्वास्तिक प्रोडक्शन के संस्थापक और श्रीमद रामायण के निर्माता सिद्धांत तिवारी ने पूरे रामायण काल को हूबहू छोटे पर्दे पर उतार दिया है। इस धारावाहिक में श्री राम व रावण से संबंधित ग्रंथों का गहन शोध नजर आएगा।



भारत के कोने-कोने में विभिन्न दर्शकों को आकर्षित करने के लिए सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन दर्शकों के लिए श्रीमद रामायण नामक महाकाव्य लेकर आया है, जो अत्यधिक महत्व रखता है और भगवान राम के जीवन और शिक्षाओं को उसके शुद्धतम रूप में बताता है। दर्शकों को भारतीय टेलीविजन के कुछ सबसे यादगार किरदारों से परिचित कराने के बाद, चैनल अब नई पीढ़ी के लिए भगवान राम की यात्रा की सुंदरता और ज्ञान का अनुभव कराने जा रहा है और इसके साथ व्यापक अपील रखने वाली अलग-अलग सामग्री तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। 1 जनवरी 2024 को प्रीमियर होने वाला यह शो हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा। श्रीमद रामायण को आपके टेलीविजन स्क्रीन पर लाने के लिए, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन ने स्वास्तिक प्रोडक्शंस के साथ हाथ मिलाया है, जो भारतीय टेलीविजन के सबसे बड़े कहानीकारों में से एक के रूप में जाना जाता है, जिसने लगातार उच्च प्रोडक्शन मूल्यों के साथ सामग्री तैयार की है। स्वास्तिक ने भारतीय संस्कृति, इतिहास और इसकी किंवदंतियों की जड़ों में गहराई से प्रवेश किया है, और यह इस कहानी को जीवंत करेगा जो बुराई पर अच्छाई की अंतिम विजय का वर्णन करती है। सुजॉय रेउ ने मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्री राम की भूमिका निभा रहे हैं, प्राची बंसल ने माता सीता के रूप में स्क्रीन की शोभा बढ़ाई है, निकितिन धीर ने रावण की दुर्जेय भूमिका निभाई है, निर्भय वाधवा ने भगवान हनुमान का श्रद्धेय चरित्र निभाया है, बसंत भट्ट ने वफादार लक्ष्मण की भूमिका में हैं, आरव चौधरी, राजा दशरथ बने हैं और शिल्पा सकलानी रानी कैकेयी की भूमिका निभाती नजर आएंगी। इस कलाकारों की टोली में अन्य लोगों के अलावा वेशभूषा, सेट डिज़ाइन और दृश्य प्रभाव देखने के अनुभव को और बढ़ाएगा, और दर्शकों को अयोध्या और लंका की आकर्षक दुनिया में ले जाएगा। यह पवित्र गाथा भारत के सांस्कृतिक ताने-बाने के साथ गहराई से मेल खाती है और इसकी स्थायी अपील इसके द्वारा खोजे गए कर्तव्य, त्याग, प्रेम और वफादारी के साथ-साथ लालच, छल और अहंकार की बुराइयां जैसे सार्वभौमिक विषयों में समाई है ।

**नीरज व्यास, बिजनेस हेड - सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन**, सोनी सब, पल और सोनी मैक्स मूवी क्लस्टर यह सिर्फ एक शो नहीं है; यह हमारी समृद्ध विरासत का सार लाखों लोगों के घरों में लाने और देश भर के परिवारों के लिए एक साझा अनुभव बनाने का हमारा प्रयास है। इस विशिष्ट महाकाव्य की सीख आज भी प्रासंगिक है और पारिवारिक मूल्यों के महत्व और रिश्तों के महत्व पर जोर देते हुए पीढ़ियों तक गूंजती रहती है। जैसा कि हम स्वास्तिक प्रोडक्शंस के साथ इस दिव्य यात्रा पर निकल रहे हैं, हम दर्शकों के लिए एक प्रामाणिक और गहन अनुभव तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



**सिद्धार्थ कुमार तिवारी, स्वस्तिक प्रोडक्शंस के संस्थापक और श्रीमद रामायण के निर्माता**-सबसे बड़े महाकाव्यों में से एक को साकार करना सिर्फ एक रचनात्मक प्रयास नहीं है बल्कि एक गहरी जिम्मेदारी है। %श्रीमद रामायण% का लॉन्च गहराई से किए गए शोध और सटीक प्रक्रिया के साथ गुणवत्तापूर्ण कहानी कहने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मुझे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के साथ साझेदारी करके खुशी हो रही है और हम साथ मिलकर इस कालजयी कथा को फिर से सुनाने के लिए उत्सुक हैं जो दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ती है, हमारी सांस्कृतिक विरासत और मूल्यों के साथ नए सिरे से जुड़ाव को बढ़ावा देती है। मैं उस अद्भुत प्रतिभा का आभारी हूं जो इसे बनाने में मेरी मदद कर रही है - स्टार कास्ट और प्रोडक्शन क्रू जो इस मेगा प्रोजेक्ट पर अथक परिश्रम कर रहे हैं।

**अभिनेता सुजय रेउ, (मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्री राम)**-जब मुझे पता चला कि मुझे भगवान राम की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है, तो मेरी प्रारंभिक प्रतिक्रिया शुद्ध खुशी थी - मैं उत्साह और खुशी की भावना से अभिभूत था। मुझे भगवान राम के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना याद है, यह विश्वास करते हुए कि शायद यह उनका आशीर्वाद था जिसने मेरे चयन में भूमिका निभाई। यह पूरी यात्रा मेरे द्वारा पहले अनुभव की गई किसी भी चीज़ से अलग रही है।

**अभिनेत्री प्राची बंसल, (माता सीता)**-ऐसी महान भूमिका बड़ी ज़िम्मेदारी के साथ आती है, और मुझे आशा है कि हम राम और सीता के स्थायी प्रेम, अटूट निष्ठा और दृढ़ विश्वास को सौंदर्य की दृष्टि से मनभावन तरीके से प्रस्तुत करेंगे।

**अभिनेता बसंत भट्ट, (लक्ष्मण)**-निस्वार्थ सेवा और त्याग के प्रतीक, भगवान राम के छोटे भाई लक्ष्मण बेहद वफादार और अत्यधिक सुरक्षात्मक हैं, वह हमेशा भगवान राम और सीता की रक्षा को अपनी सुरक्षा से ऊपर रखते हैं। यह मेरे करियर की सबसे बड़ी भूमिका है और मुझे इस शो के साथ नए साल की शुरुआत का बेसब्री से इंतजार है।

**अभिनेता निकितिन धीर, (रावण**-रावण का किरदार निभाना मेरे लिए एक रोमांचक यात्रा रही है। चरित्र की जटिलता, उसकी कहानियां और प्रेरणाएं, मुझे मानवीय भावनाओं की गहराई में उतरने की अनुमति देती हैं, और आपके टेलीविज़न स्क्रीन पर रावण को जीवंत करने में मुझे बेहद खुशी है।

**अभिनेता निर्भय वाधवा, (भगवान हनुमान)**-भगवान हनुमान के साथ मेरा दैवीय संबंध है, और इस अमर भूमिका को फिर से निभाने का अवसर पाकर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। भगवान हनुमान भगवान राम के अब तक के सबसे महान भक्त हैं और यह भक्ति उनकी सबसे बड़ी शक्ति है, जिसे मैं स्क्रीन पर चित्रित करने की उम्मीद करता हूं।

**अभिनेता आरव चौधरी, (राजा दशरथ)**-अपनी धार्मिकता, ज्ञान और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए जाने जाने वाले, राजा दशरथ महान महाकाव्य में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं और यह शो अयोध्या राजा के अनजाने तथ्यों पर प्रकाश डालेगा; मैं इस भूमिका को निभाने को लेकर खुश हूं।

**अभिनेत्री शिल्पा सकलानी, (रानी कैकेयी)**-इस कहानी में रानी कैकेयी एक ऐसी दिलचस्प शख्सियत हैं, जिन्हें हम हमेशा भगवान राम के वनवास के पीछे के कारण के रूप में जानते हैं, लेकिन उनकी उदारता और बहादुरी भी सराहनीय है। इससे भी अधिक, श्रीमद रामायण का प्रभाव सिर्फ मनोरंजन मात्र नहीं है, यह दर्शकों को भगवान राम की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करने का वादा करता है। शो में दर्शाए गए नैतिक पाठ, शाश्वत ज्ञान और स्थायी मूल्य दर्शकों के दिलो दिमाग पर एक अमिट छाप छोड़ेंगे।

## स्वतंत्र कलाकारों के गाए गये हिट गाने अपनी मधुर आवाज़ में

संगीत के लगातार विकसित हो रहे परिदृश्य में, 2023 ने ढेर सारी मनमोहक धुनें पेश की हैं, खासकर स्वतंत्र कलाकारों की, जो उद्योग पर एक अमिट छाप छोड़ रहे हैं। आइए कुछ ऐसे ट्रेंडिंग गानों के बारे में जानें जिन्होंने इस साल लोगों का दिल जीता और चार्ट पर छाए रहे।



**1. आपके साथ - एपी ढिल्लियन**-विथ यू तेजी से Spotif 4 के वीकली टॉप सॉन्ग्स इंडिया चार्ट पर दूसरे स्थान पर और Spotif4 डेली ग्लोबल चार्ट पर प्रभावशाली 38वें स्थान पर पहुंच गया है। एपी ढिल्लियन की रचना विश्व स्तर पर गूंजती है, जो कलाकार के बढ़ते प्रभाव को दर्शाती है।

**2. तू मिले दिल खिले - स्टेबिन बेन**-स्टेबिन बेन और असीस कौर द्वारा लिखित तू मिले दिल खिले ने विभिन्न संगीत चार्टों में अपना नाम दर्ज कराया है। शीर्ष 40 गीतों से लेकर शीर्ष 20 पसंदीदा गीतों तक, इस रचना ने अपनी शाश्वत अपील से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करते हुए 22 सप्ताह तक लगातार उपस्थिति बनाए रखी है।

**3. चेक - शुभ**-19 मई, 2023 को रिलीज़ हुई, शुभ द्वारा ÷चेक÷ ने न केवल दिलों पर कब्जा कर लिया है, बल्कि शीर्ष 100 कनाडा संगीत चार्ट और शीर्ष 40 कनाडाई गाने चार्ट जैसे शीर्ष चार्ट में भी स्थान हासिल किया है। शुभ का संगीत वीडियो कनाडाई संगीत जगत में एक प्रसिद्ध रत्न बन गया है।

**4. हीरिये - जसलीन रॉयल (फीट अरिजीत सिंह)**-किसी अन्य की तरह एक चार्टबस्टर, हीरिये एक खूबसूरत कहानी बुनती है जहां जसलीन रॉयल, भावपूर्ण अरिजीत सिंह के साथ, सपनों से परे प्यार की कहानी सुनाती है। आधुनिक समय के आकर्षक राजकुमार का दुलकर का चित्रण इस मंत्रमुग्ध कर देने वाले संगीत में जादू का स्पर्श जोड़ता है।

**5. मान मेरी जान - राजा**-किंग के मन मेरी जान ने भारत में शीर्ष स्थान का दावा किया है, जो Spotif4 डेली टॉप सॉन्ग्स ग्लोबल चार्ट पर म़50 पर एकमात्र गैर-बॉलीवुड हिंदी पॉप ट्रैक है। प्रभावशाली ढंग से, यह बिलबोर्ड चार्ट पर भी #138 का स्थान रखता है, जो अंतर्राष्ट्रीय मंच पर किंग की उपस्थिति को मजबूत करता है।

**6. जुनूनी - रियार साब**-रियार साब का ऑब्सेस्ड भीड़ का पसंदीदा बन गया है, इसका श्रेय विक्की कौशल के वायरल डांस ÷गड्डियां उचियां राखियां÷ को जाता है। पंजाबी हिप-हॉप नंबर एक घटना बन गया है, जिसमें दर्शक लाइव प्रदर्शन के लिए उत्सुक हैं। यहां तक कि विक्की कौशल को फिल्म प्रमोशन के दौरान गाने की व्यापक लोकप्रियता को उजागर करने के लिए अपने मूव्स दिखाने के अनुरोध भी मिलते हैं।

2023 में, स्वतंत्र कलाकार सिर्फसंगीत नहीं बना रहे हैं; वे ऐसे अनुभव गढ़ रहे हैं जो सीमाओं के पार भी गूंजते हैं। ये ट्रेंडिंग गाने स्वतंत्र संगीत परिदृश्य से उभरने वाली विविध और गतिशील ध्वनियों का प्रमाण हैं, जो दुनिया भर के श्रोताओं के दिलों पर कब्जा कर लेते हैं।

## 2023 में अभिनेताओं के निजी जीवन के यादगार पलों पर एक दिल छू लेने वाली नज़र

सार्वजनिक हस्तियों का जीवन अक्सर सुर्खियों में रहता है, केवल भारत के कुछ सबसे पसंदीदा अभिनेता ही कामकाजी जीवन में संतुलन बनाते हैं और अपने परिवार और दोस्तों के साथ पूरी तरह से जीवन जीते हैं। यहां हिंदी फिल्म उद्योग के कुछ सबसे बड़े सितारों द्वारा साझा किए गए 2023 के कुछ सबसे सुखद पारिवारिक क्षणों की स्मृतियों में सैर की जा रही है।



**1. ऋतिक रोशन: एक यादगार दिवाली**-एक निजी व्यक्ति के रूप में जाने जाने वाले ऋतिक रोशन काम की प्रतिबद्धताओं में शामिल नहीं होने पर परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताते हैं। होली, महाशिवरात्रि, गणेश चतुर्थी से लेकर दिवाली और क्रिसमस तक, रोशन उत्सव के मौसम को निर्बाध पारिवारिक समय के रूप में समर्पित करते हैं। यहां ऋतिक रोशन की उज्ज्वल दिवाली 2023 से सीधे तौर पर महान भारतीय परिवार का चित्र लिया गया है।

**2. सलमान खान: परिवार के साथ ईद का जश्न**-भारतीय फिल्म उद्योग के सर्वोत्कृष्ट पारिवारिक व्यक्ति, सलमान खान ने ईद के शुभ अवसर पर अपने खान-दान के साथ एक हार्दिक क्षण साझा किया। अभिनेता ने अपने माता-पिता और भाई-बहनों के साथ एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें प्यार और एकजुटता झलक रही है।

**3. शाहरुख खान: झंडा फहराने की परंपरा जारी है**-प्यारे पिता शाहरुख खान ने देशभक्ति की परंपरा को जारी रखते हुए अपने सबसे छोटे बेटे अबराम के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए अपनी एक तस्वीर साझा की। शाहरुख ने अगली पीढ़ी में मूल्यों और परंपराओं को स्थापित करने के महत्व पर जोर दिया।

**4. करीना कपूर खान: सैफ और बच्चों के साथ दिवाली का आनंद**-करीना कपूर खान, जो अपने आकर्षक ऑन और ऑफस्क्रीन व्यक्तित्व के लिए जानी जाती हैं, ने प्रशंसकों को पति सैफ और उनके प्यारे बच्चों - तैमूर और जेह के साथ अपने दिवाली समारोह की एक झलक दी। तस्वीर ने शांति और प्यार के एक पल को कैद किया है, जो हमें याद दिलाता है कि सबसे चमकीले सितारों को भी साधारण पारिवारिक क्षणों में खुशी मिलती है।

**5. कैटरीना कैफ विक्की कौशल और परिवार के साथ होली के रंग**-कैटरीना कैफ ने पति विक्की कौशल के साथ अपने होली समारोह की एक जीवंत तस्वीर साझा की। तस्वीर में न केवल युगल की केमिस्ट्री दिखाई गई बल्कि उनके जीवन में सांस्कृतिक समारोहों और पारिवारिक संबंधों के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

**6. अनुष्का शर्मा: गणेश चतुर्थी पूजा**-गणेश चतुर्थी के दौरान अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने हार्दिक पूजा के साथ भगवान गणेश का स्वागत किया। पवित्र अनुष्ठान की झलकियाँ साझा करते हुए, अनुष्का ने अपने जीवन के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहलुओं की एक झलक दी। ऑनस्क्रीन एक्शन से प्रेरित सिनेमा की दुनिया में, भारतीय अभिनेताओं के जीवन के ये सरल पर्दे के पीछे के वास्तविक जीवन के क्षण दिखाते हैं कि दिन के अंत में, 'यह सब अपने परिवार से प्यार करने के बारे में है!'

## कृति खरबंदा की वर्कआउट प्रेरणा: काम और खेल में संतुलन

बॉलीवुड की भागती-दौड़ती दुनिया में स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखना काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। हालाँकि, ऐसा लगता है कि अभिनेत्री कृति खरबंदा ने कोड को क्रैक कर लिया है क्योंकि उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक वर्कआउट प्रेरणा वीडियो साझा किया है, जिसके साथ कैप्शन दिया गया है, ÷सभी काम और कोई खेल नहीं कृति को एक सुस्त लड़की बनाती है। छोटी क्लिप में कृति को एक कठोर वर्कआउट रूटीन में शामिल होते हुए दिखाया गया है, जो शक्ति प्रशिक्षण और कार्डियो व्यायाम का एक आदर्श मिश्रण प्रदर्शित करता है। सिल्वर स्क्रीन पर अपनी बहुमुखी भूमिकाओं के लिए मशहूर कृति हमेशा अपने जीवन में फिटनेस के महत्व के बारे में मुखर रही हैं। उनके इंस्टाग्राम पोस्ट में अक्सर उनके वर्कआउट सत्र की झलकियां दिखाई देती हैं, जो उनके अनुयायियों को उनके स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। अपनी फिटनेस यात्रा को साझा करते हुए, कृति खरबंदा अपने दर्शकों को प्रेरित और प्रेरित करती रहती हैं, यह साबित करती हैं कि काम और खेल के बीच एक स्वस्थ संतुलन है। एक जीवंत और पूर्ण जीवन की कुंजी



## पंकज त्रिपाठी अभिनीत अटल बिहारी वाजपेयी की बायोपिक का ट्रेलर हुआ रिलीज

विनोद भानुशाली द्वारा प्रेजेंटेड और रवि जाधव द्वारा डायरेक्टेड, एक ऐसे नेता की कहानी जिसे आप जानते हैं, लेकिन जिस आदमी को आप नहीं जानते! देश के सबसे प्रिय नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी शिक्षा, विज्ञान, बुनियादी ढांचे और वैश्विक संबंधों को मजबूत करने में अपने योगदान के लिए प्रसिद्ध हैं. अपने अभिनय की जीवन यात्रा में पंकज त्रिपाठी ने बायोपिक - मैं अटल हूं के लिए कुशलतापूर्वक श्री अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभाया है. फिल्म के बारे में जानकारी साझा करते हुए, निर्माताओं ने आज फिल्म के ट्रेलर को लांच किया. ट्रेलर आपको श्री अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन के शुरुआती दिनों, राजनीतिक करियर, बदलाव के दिनों और भारत को एक महान राष्ट्र बनाने के उनके समर्पण के बारे में बताता है. फिल्म के बारे में बात करते हुए, पंकज त्रिपाठी कहते हैं, ÷फिल्म से ज्यादा, श्री अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभाने का सफर वास्तव में मेरे दिल के करीब है. वह व्यक्ति वास्तव में एक किंवदंती है, और हम उसकी प्रेरक कहानी को दुनिया के सामने लाकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं. मुझे उम्मीद है कि दर्शक अटल जी की विरासत को बड़े पर्दे पर लाने के हमारे प्रयासों की सराहना करेंगे.'' निर्देशक रवि जाधव ने बताया कि ÷बचपन से, मैंने श्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रेरक यात्रा और हमारे राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को देखा है. मैं बेहद आभारी हूं कि मुझे देश के सबसे महान नेता की कहानी बताने का अवसर मिला. दुनिया उनकी उल्लेखनीय यात्रा को देखने के लिए अब और अधिक इंतजार नहीं कर सकती. कहानी को सिल्वर स्क्रीन पर लाने के बारे में बात करते हुए, निर्माता विनोद भानुशाली कहते हैं, ÷फिल्म एक ऐसे व्यक्ति की कहानी दिखाएगी जो एक कवि, राजनेता, राजनेता से कहीं अधिक था. मैं अटल हूं, उनके संघर्ष, उनके उत्थान और राष्ट्र को किसी से भी पहले रखने के उनके प्रयासों पर प्रकाश डालता है.



## पुनर्जन्म पर आधारित फ़िल्म मिस यु मोर स्वीट हार्ट इशिका डिफरेंट लुक में नजर आएंगी

**रायपुर..** पीवीबी फिल्म्स ,निर्माता पुलकित नान्जियानी और ऋतिक अमरानी,की प्रस्तुति ÷मिस यु मोर स्वीट हार्ट÷ शेखर चौहान,जॉनसन अरुण, द्वारा निर्देशित फिल्म 29 दिसंबर को प्रदेश के अधिकतम सिनेमाघरो में प्रदर्शित हेतु तैयार है निर्माताओं ने आगे बताया कि फिल्म की कथा, पटकथा और डायलॉग जॉनसन अरुण ने लिखा है फिल्म का संगीत अमित प्रधान,ने दिया है गीतों में स्वर दिया है शुभम साहू, सुनील सोनी, मोनिका वर्मा, मुनमुन चक्रवर्ती, ने वेशभूषा - विलास रॉउत, कास्ट्यूम रज्जू आर्ट राधे द्वारा किया गया है। फिल्म में नायक की भूमिका में भूपेश चौहान और नायिका की भूमिका में इशिका यादव नजर आएँगी। फिल्म के अहम् किरदारों में छत्तीसगढ़ के नामीग्रामी कलाकार- पुष्पेन्द्र सिंह, योगेश अग्रवाल, लक्की रघुवंशी, क्रांति दीक्षित, सरला सेन, नकुल महलवार, विजय मिश्रा, संगीता निषाद, राजू पाण्डेय, राजू नगरची, सुभाषनी जॉर्ज, जूनियर शाहरुख़ खान (मुम्बई) ,किशलाल, हेमंत निषाद, स्वीटी साहू, रानू आदि नजर आयेंगे ।



## फिरोजा खान उर्फ खानजादी ने कलर्स 'बिग बॉस' को कहा अलविदा

कलर्स के 'बिग बॉस' पर 'शनिवार का वार' का सरप्राइज और रोमांच फिरोजा खान उर्फखानजादी के निष्कासन की घोषणा के साथ समाप्त हो गया, जिससे घर में उसके दोस्त अभिषेक कुमार की आंखों में आंसू आ गए। ऐसा लग रहा था कि अभिषेक और खानजादी घर में 'नया कपल' बनने ही वाले थे और इसीलिए खानजादी के जाने का सबसे ज्यादा असर अभिषेक पर पड़ा। खानजादी के निष्कासन की घोषणा से पहले मेगास्टार और शो के मेजबान सलमान खान ने एक बजर राउंड शुरू किया और जो भी नामांकित व्यक्ति तीन की गिनती पर बजर दबाएगा, उसे प्रतियोगियों के खाना पकाने के कुल समय को कम करते हुए सप्ताह में 12 घंटे तक लाना होगा और इसके बदले में उसे निष्कासन से सुरक्षा मिल जाएगी। अभिषेक ने बजर दबाकर इम्युनिटी हासिल कर ली, हालांकि अपनी लोकप्रियता के कारण उन्हें इसकी जरूरत नहीं थी। जिसे इसकी जरूरत थी वह खानजादी थी, जिन्होंने नामांकितों के बीच सबसे कम वोट हासिल किए। घर में अपने आखिरी कुछ हफ्तों के दौरान रैपर शो छोड़ने की इच्छा जताते हुए रो रही थी, और उनका निष्कासन उनके लिए अच्छी खबर थी।



## मिलिंद दास्ताने ने वाजपेयी के साथ हुई अपनी मुलाकात को याद किया



25 दिसंबर को स्वर्गीय प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती है और इस अवसर पर देशवासी उन्हें याद कर श्रद्धांजलि देने के लिये तैयार है। एण्डटीवी के शो 'अटल' के एक्टर मिलिंद दास्ताने उस वक्त को याद कर रहे हैं, जब 2006 में उनकी अटलजी से मुलाकात हुई थी। एण्डटीवी ने हाल ही में 'अटल' शो का प्रसारण शुरू किया है। इसमें स्वर्गीय प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन की अनकही कहानियाँ दिखाई गई हैं। मिलिंद दास्ताने इस शो में नन्हें अटल के दादाजी श्याम लाल वाजपेयी की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने अटलजी के साथ अपनी उस यादगार मुलाकात के बारे में बताया, जिसकी उन पर अमिट छाप है। श्याम लाल वाजपेयी का किरदार निभा रहे मिलिंद दास्ताने ने बताया, ''मैं 2006 में भारतीय फिजिशियन डॉ. हेडगेवार के जीवन पर आधारित एक फिल्म पर काम कर रहा था। दुर्भाय से, वह फिल्म नहीं बन पाई। लेकिन उस दौरान मोहन राव भागवत जी ने मुझे अटलजी की लिखी साढ़े तीन पेज की कविता 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' को पढ़ने और उसकी गहराई में जाने की सलाह दी। इसके लिये मैंने अटलजी से दिल्ली में उनके आवास पर प्रत्यक्ष मुलाकात की व्यवस्था की। मुझे याद है कि मैं नर्वस होने के साथ ही रोमांचित भी था। हालांकि जब वह पल आया, तब मैं चकित था और उनके व्यक्तित्व, बुद्धिमत्ता और दूरदर्शिता का कायल हो गया था। वह बड़े ही विनम्र थे और उन्होंने मुझे तुरंत ही सहजता का अनुभव कराया। कहानी कहने की कला में वह उस्ताद थे। वह लुभावने शब्दों का इस्तेमाल करते हुए सांसारिक दिखने वाले विषयों की रोचक कहानियां बना देते थे। साहित्य और भाषण कला के लिये उनकी लगन साफदिख रही थी। वह एक बेजोड़ वक्ता, कवि और राजनेता थे। उन्होंने मुझे बड़ा प्रभावित किया और मुझ पर एक अमिट छाप छोड़ी। ऐसे महान नेता की 99वीं जयंती मनाने और उन्हें याद करने का इससे बढ़िया तरीका क्या हो सकता है कि मैं उनसे हुई प्रत्यक्ष मुलाकात के अनुभव और उनके व्यक्तित्व से प्रेरित होने के बारे में बताऊं? इस बेहतरीन मौके के लिये मैं सचमुच आभारी हूँ। इसका श्रेय मेरे प्रोफेशन को जाता है। मैंने कभी सोचा नहीं था कि मुझे 17 साल बाद मैं एण्डटीवी के शो 'अटल' के जरिये उनके बचपन की कहानी से किसी तरह जुड़ने का मौका मिलेगा और मुझे उनके दादादी की भूमिका मिलेगी। यह एक बड़ा सम्मान है और मैं इसके साथ पूरा न्याय करने की कोशिश करूंगा। मैं इस किरदार को यादगार बनाना चाहता हूँ। मैं यही कह सकता हूँ कि ऐसे प्रतिष्ठित नेता को अपनी श्रद्धांजलि के रूप में यह योगदान देने के लिये मैं आभारी हूँ। उनकी विरासत को भारत के लोग बड़ा सम्मान देते हैं।''



# दंतेवाड़ा के पर्यटन स्थलों में उमड़ने लगी सैलानियों की भीड़

- माईं दंतेश्वरी मंदिर में प्रतिदिन पहुंच रहे बड़ी संख्या में श्रद्धालु
- शीतकालीन अवकाश होने से माईं की नगरी में लगा सैलानियों का जमघट



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 24 दिसंबर।** चंद दिनों बाद ही पुराने साल की विदाई व नये साल का आगाज होने वाला है। इसके चलते इन दिनों दक्षिण बस्तर के पर्यटन स्थलों में भारी भीड़ उमड़ने लगी है। इधर बों की शीतकालीन छुट्‌टी भी शुरू हो चुकी है। इस लिहाज से भीड़ और भी ज्यादा बढ़ गयी है। सपरिवार लोग पर्यटन स्थलों को निहारने पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु प्रदेश के कोने कोने से शक्तिपीठ दंतेवाड़ा पहुंच माईं दंतेश्वरी के दर पर मत्था टेक परिवार में सुख शांति एवं देश की सलामती एवं तरक्की के लिये अपने आराध्य से प्रार्थना कर रहे हैं। माईंजी के मंदिर में श्रद्धालुओं की हर रोज भारी भीड़ उमड़ रही है।

गौरतलब है कि शीतकालीन छुटटी होने से भारी तादात में सैलानी यहां हर रोज पहुंच रहे हैं। धर्मनगरी दंतेवाड़ा देश के 52 शक्तिपीठों में से एक है। यहां माईं दंतेश्वरी का विश्व प्रसिद्ध मंदिर है। बीते सप्ताह भर से सैलानी यहां हर रोज पहुंच रहे हैं। माईंजी के मंदिर में उत्सव सा नजारा देखने को मिल रहा है। श्रद्धालु हर वर्ष साल के गुजरने एवं नए साल के अवसर पर माईजी से आर्शीवाद लेने दंतेवाड़ा पहुंचते हैं। चूंकि बों की एक सप्ताह की छुटियां भी शुरू हो चुकी है इसी का फायदा उठाते लोग दूर दराज क्षेत्रों से माईजी के दर्शन पूजन के लिये पहूंच रहे हैं। प्रतिदिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लग रही है। माईजी के दर्शन पूजन कर सैलानी बारसूर, ढोलकल, हांदावाड़ा, फूलपाढ़, बैलाडिला, समलूर, गोदगोदा, सातधार, तिरथगढ़, कुटुम्बसर, तूलार आदि पर्यटन स्थलों की ओर भी रूख कर रहे हैं। सैलानियों के भारी तादात में पहुंचने से यहां के व्यवसायी भी गदगद हैं। सैलानियों के आने से होटल व्यवसायियों की चांदी हो गई है।

पूजा सामग्री दुकानों में भी अच्छी खासी ग्राहकी देखी जा रही है। आलम यह कि इन दिनों शहर के दोनों दंतेश्वरी धर्मशालाएं, तमाम होटल एवं बस स्टेंड स्थित रैन बसेरा के कमरे सैलानियों से अटे पड़े हैं। दंतेश्वरी कारीडोर निर्माण कार्य चलने से श्रद्धालुओं की वाहन मंदिर द्वार तक नहीं जा पा रही है जय स्तंभ चौक पर ही वाहनों को रोक दिया जा रहा है इससे थोड़ी बहुत परेशानी श्रद्धालुओं को अवश्य हो रही है वहीं दूर दराज से आने वाले श्रद्धालु मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर में चल रहे कारीडोर, ज्योतिकलश भवन, बडे हनुमान की विशालकाय मूर्ति, जयस्तंभ से लेकर मंदिर के प्रवेश द्वार तक आकर्षक मंडप द्वार निर्माण कार्य होता देख पर्यटक काफी खुश हो रहे हैं सबका यही कहना है कि कार्य पूर्ण होने के बाद मां दंतेश्वरी की पावन धरा की खुबसूरती में चार चांद लग जाएगा और आने वाले वर्षो में इससे श्रद्धज्ञलुओं की संख्या और भी ज्यादा बढ़ेगी। यहां स्थित दंतेश्वरी धर्मशालाओं में साफ सफाई नहीं होने से बाहर से आए सैलानियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सैलानी मजबूर होकर महंगे दाम पर लॉज बुक कराने को विवश हैं।

## एक नजर



**जगदलपुर, 23 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर्स एवं अधिकारियों की बैठक ली और कानून-व्यवस्था बनाये रखने सहित जुआ-सट्टा, अवैध शराब की बिक्री पर सख्त कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिए। राजस्व से जुड़े सभी काम तत्काल करने पर बल देते हुए राजस्व मामलों के निराकरण में तेजी लाने कहा। उन्होंने कोविड-19 के मामले में वृद्धि के मद्देनजर भारत सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी के परिपालन कराये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव एवं विजय शर्मा और मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्ले तथा राज्य शासन के वरिष्ठ उच्चाधिकारी उपस्थित थे। वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान जिला कार्यालय जगदलपुर के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर विजय दयाराम के. सहित सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मण्डावी तथा स्वास्थ्य विभाग एवं मेडिकल कॉलेज के अधिकारी मौजूद थे।

### चाचा ने की आत्मसमर्पित माओवादी भतीजे की हत्या

**बीजापुर, 23 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 23 दिसम्बर की शाम 07:30 बजे जिला बीजापुर मनकेली गांव के निवासी छोटू कुरसम अपना परिचित का सड़क दुर्घटना में घायल होने पर एम्बुलेंश गाड़ी लेकर गाँव की ओर जा रहा था। प्रारंभिक जानकारी अनुसार गोरना गांव के समीप छोटू कुरसम के चाचा राजू कुरसम एवं 4 उनके अज्ञात साथियों द्वारा एम्बुलेंस को रोककर छोटू कुरसम को अपने साथ ले गये द्य 23 दिसम्बर की रात्रि छोटू कुरसम को चाचा राजू कुरसम एवं उनके साथियों द्वारा गला रेतकर हत्या कर शव को गोरना गांव के समीप रोड पर डाल दिये। थाना बीजापुर पुलिस द्वारा शव को कब्जे मे लिया गया है। उल्लेखनीय है कि मृतक छोटू कुरसम पूर्व में नक्सल संगठन में सक्रिय रहा था तथा कुछ महीने पहले ही आत्मसमर्पण किया था। प्रकरण में थाना बीजापुर में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। संदिग्ध आरोपी चाचा राजू कुरसम एवं उनके साथियों का पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है तथा नक्सल संगठन से आरोपी के ताल्लुक के बारे में भी जांच पड़ताल की जा रही है।

### यात्री बसों में फर्स्ट एड किट व आग बुझाने वाला यंत्र नहीं पाए जाने पर किया चालान

**बीजापुर, 23 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिविल जज ताजुद्दीन आसिफके निर्देशन में बीजापुर बीजापुर आने जाने वाले सभी बसों का सघन जांच किया गया एवं आग बुझाने वाला यंत्र fire e&tinguisher एवं फर्स्ट एड किट की उपलब्धता जांच किया गया। इस दौरान परिवहन विभाग बीजापुर यातायात पुलिस विभाग बीजापुर एवं परिवहन उड़नदस्ता जगदलपुर की टीम द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर 16 से18 दिसंबर तक यात्री बसों की सघन जांच कर कमी पाए जाने वाले वाहनों पर मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत चलानी कार्रवाई की गई तथा सभी बस मालिकों को 03 दिवस के भीतर नियमानुसार कमी दूर करते हुए आग बुझाने वाला यंत्र और फर्स्ट एड किट रखने के निर्देश दिए गए गए चलानी कार्रवाई के तहत कुल 18 यात्री बसों से चलान वसूला गया।

### कदाचार के कारण दोरनापाल प्रभारी तहसीलदार निलंबित

**जगदलपुर, 23 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कमिश्नर बस्तर संभाग श्याम धावड़े द्वारा कलेक्टर जिला सुकमा के अनुशंसा प्रस्ताव एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोन्टा जिला सुकमा के प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर प्रभारी तहसीलदार दोरनापाल (सहायक अधीक्षक भू अभिलेख) जिला सुकमा अजय कुमार मेरावी को पद का दुरूपयोग कर लाभार्जन के उद्देश्य से कदाचार किये जाने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत निलंबित किया गया है। उक्त कृत्य के लिए निलंबित प्रभारी तहसीलदार दोरनापाल (सहायक अधीक्षक भू अभिलेख) जिला सुकमा अजय कुमार मेरावी के विरूद्ध विभागीय जांच भी प्रस्तावित किया गया है। निलंबन अवधि में निलंबित प्रभारी तहसीलदार दोरनापाल (सहायक अधीक्षक भू अभिलेख) जिला सुकमा अजय कुमार मेरावी का मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर जिला सुकमा में निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित 4 आश्रितों को 16 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**जगदलपुर, 23 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवारों को 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् तहसील भानपुरी ग्राम बाकेल निवासी कु. शकिना और चोरोबाई की मृत्यु पानी में डूबने से पिता देवलाल कश्यप को, ग्राम केशरपाल निवासी बुदन्ती बेवा की मृत्यु पानी में डूबने से पुत्री व पुत्र को और ग्राम भानपुरी निवासी मंगतु कश्यप की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नी तुलसी कश्यप को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है।

## पुसपाल धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर

# धान की गुणवत्ता व नमीमापक यंत्र से परखी नमी की मात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 24 दिसंबर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने बीते दिन जगदलपुर विकासखण्ड के अंतर्गत वनांचल इलाके में स्थित पुसपाल धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण कर धान खरीदी हेतु किसानों को टोकन की उपलब्धता एवं उनकी धान का समय पर तौल सहित धान खरीदी केन्द्र में बारदाने की व्यवस्था इत्यादि की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने धान की गुणवत्ता देखने के साथ ही नमी मापक यन्त्र से धान में नमी की मात्रा का जांच भी करवाया। कलेक्टर विजय ने धान खरीदी केन्द्र के लिए निर्धारित बफर लिमिट से अधिक धान की मात्रा को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल धान के उठाव में तेजी लाने कहा। इस दिशा में डीओ काटने सहित अनुबंधित मिलर्स से पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था कर शीघ्र उठाव करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने खरीदी गई धान के सुरक्षित रखरखाव हेतु स्टेकिंग करने और तिरपाल से ढंककर रखे जाने कहा। कलेक्टर ने धान खरीदी में छोटे एवं सीमांत किसानों को प्राथमिकता देने पर जोर देते हुए छोटे एवं बड़े किसानों के 70-30 अनुपात का अनिवार्य रूप से परिपालन किये जाने के निर्देश दिए। वहीं सम्पूर्ण धान बेचने वाले किसानों का रकबा समर्पण कराये जाने कहा।

इस मौके पर अवगत कराया गया कि पुसपाल धान खरीदी केन्द्र में अब तक 201 किसानों से 11143 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। धान खरीदी केन्द्र में पर्याप्त बारदाना उपलब्ध है और छोटे किसानों का धान पहले खरीदा जा रहा है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, एसडीएम भरत कौशिक सहित धान खरीदी से जुड़े केन्द्र प्रभारी, नोडल अधिकारी आदि मौजूद थे।

### धान बोनस राशि अंतरण कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**उत्तर बस्तर/कांकेर, 23 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासन से प्राप्त निर्देशानुसार वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 धान बोनस की राशि का अंतरण किसानों के खातों में किये जाने हेतु ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को संबंधित अनुभाग/ब्लॉक का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। धान बोनस राशि का अंतरण हेतु कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्था किये जाने अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। सभी समितियों में राशि की उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं प्रमाण-पत्र तथा आवश्यक व्यवस्था हेतु सहायक उप पंजीयक सहकारिता सूरज दुग्गे और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर के नोडल अधिकारी मनोज वानखेड़े को दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार सभी ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु आवश्यक नेटवर्क व्यवस्था करने ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर चिप्स कांकेर, हितग्राहियों को कार्यक्रम स्थल पर लाने एवं वापसी की आवश्यक व्यवस्था उप संचालक कृषि एन.के. नागेश और जिला खाद्य अधिकारी जन्मेजय नायक तथा सभी ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम स्थल पर पेयजल की व्यवस्था हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कांकेर के कार्यपालन अभियंता बी.एन. भोयर को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत 30 जून तक दाखिला प्रक्रिया

**जगदलपुर 24 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (1) (सी) के तहत निजी अशासकीय, गैर अनुदान प्राप्त विद्यालयों में निर्धन एवं कमजोर तबके के बच्चों का प्रवेश वर्ष 2024-2025 की कार्यवाही किये जाने हेतु समय सारणी घोषित की गई है। जिसके तहत स्कूल प्रोफाइल अपडेट के लिए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन 01 फरवरी से 24 फरवरी तक, छात्र पंजीयन आवेदन 01 मार्च से 15 अप्रैल तक, नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेज की जांच 18 अप्रैल से 17 मई तक, लॉटरी एवं आबंटन 20 मई से 30 मई तक और स्कूल दाखिला प्रक्रिया 01 जून से 30 जून तक की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी जगदलपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार द्वितीय चरण में नवीन स्कूल पंजीयन आवेदन की कार्यवाही के तहत जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन 15 जून से 30 जून तक, छात्र पंजीयन आवेदन 01 जुलाई से 08 जुलाई तक, नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेज की जांच 09 जुलाई से 15 जुलाई तक, लॉटरी एवं आबंटन 17 जुलाई से 20 जुलाई तक, स्कूल दाखिला प्रक्रिया 22 जुलाई से 31 जुलाई तक और वर्ष 2023-24 हेतु ऑनलाईन दावा प्रक्रिया 01 अगस्त से 30 अगस्त तक की जाएगी।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना:आधुनिकता से पारंपरिक कौशल को निखारने की कवायद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 24 दिसम्बर।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पारंपरिक कौशल को आधुनिकता से जोड़कर निखारने का कार्य किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से 18 प्रकार के व्यापार जैसे बढ़ई, नाव बनाने वाला, अस्त्रकार, लोहार, ताला बनाने वाला, हथौड़ा टूलकिट निर्माता, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोती, राजमिस्त्री, डलिया, चटाई, झाड़ू बनाने वाले, पारंपरिक गुड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बनाने वाले निर्माता को चयनित कर लाभान्वित किया जाएगा। इसके लिए पारम्परिक शिल्पकार व कारीगर आधार कार्ड, लिंक मोबाइल नंबर तथा बैंक पासबुक के साथ अपने नजदीकी ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएससी) में पंजीयन करा सकते हैं।

**पांच से सात दिन का दिया जाएगा नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण:** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने बताया कि योजना के तहत चयनित हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र और विश्वकर्मा परिचय पत्र दिया जाएगा। इन कारीगरों के पारंपरिक कौशल को निखारने के लिए 05 से 07 दिवस का नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी, जिसमें 500 रूपये प्रतिदिन की दर से छात्रवृत्ति दी जाएगी। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद यंत्र एवं औजारों के लिए 15 हजार रूपये की अनुदान सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। इच्छुक हितग्राहियों को पहले चरण में एक लाख रूपये और दूसरे चरण में दो लाख रूपये तक की वित्तीय सहायता मात्र 05 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंकों द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना का लाभ लेने हेतु आवश्यक दस्तावेज- आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, बैंक विवरण, राशन कार्ड तथा आवेदक की आयु पंजीकरण तिथि में न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। हितग्राही राज्य या केन्द्र सरकार की किसी भी स्वरोजगार हेतु 05 वर्ष में ऋण न लिया हो। योजना में परिवार के किसी एक सदस्य को ही लाभ दिया जायेगा एवं सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति और उसके परिवार के सदस्य पात्र नहीं होंगे। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कांकेर से संपर्क किया जा सकता है।

## ग्राम माटवाड़ा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# लोगों में दिखा गजब का उत्साह,बढ़-चढ़ हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 24 दिसंबर।** केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत माटवाड़ा में किया गया। इस दौरान ग्राम के सरपंच चैतूराम लेकाम, चिन्ना राम तेलाम, शिला पुरसा एवं कार्यक्रम संचालक महेश उइके अन्य जनप्रतिनिधियों सहित जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान के अनुरूप आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत संकल्प को पूरा करने का शपथ लिया। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमारा संकल्प विकसित भारत सन्देश को तन्मयता के साथ श्रवण किया।

कार्यक्रम में केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने हेतु आईईसी मोबाइल वैन के जरिए प्रधानमंत्री मोदी का संदेश, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, हर घर जल-जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना इत्यादि की विस्तृत जानकारी जनसाधारण को दी। इसके अलावा योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित करने के साथ-साथ योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी किया गया। साथ ही प्राकृतिक खेती, स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी गई।

## समाचार संक्षेप

### साय मंत्रिमंडल गठन व किरण देव के प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपाइयों ने की आतिशबाजी



**गीदम, 24 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजपा गीदम मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने गीदम बस स्टैंड में छत्तीसगढ़ विधानसभा में विष्णु देव साय मंत्रिमंडल गठन एवं जगदलपुर विधायक किरण देव के प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया। इस कार्यक्रम में विजय प्रसाद तिवारी, नविन विश्वकर्मा, पुतान सिंह कुशवाहा, राजा गुप्ता, जिला महामंत्री संतोष गुप्ता राकेश कुशवाहा, मण्डल अध्यक्ष राजेश कश्यप, श्याम सिंह, अनिल जार्ज, मनीष सुराना, दीपक बाजपेयी, ममता गुप्ता, अंति वेक, राहुल असरानी, शैलेश अटामी, उमेश कश्यप, प्रमिला सुराना, संध्या शुक्ला, रजनीश सुराना, मोहन गुप्ता, अवधेश शिवहरे, श्रीकांत राव, दिनेश कौशल, किरण ठाकुर, अजय अवस्थी, मनोज गुप्ता, राजा गुप्ता, रमेश डागा, के सी अवस्थी, अभिनव तिवारी, चंद्रकली, उदेश्वरी, राजेश सुराना, संतोष गुप्ता, अनीश जार्ज, परमेश कश्यप, अमित सिन्हा, रोशन शर्मा, नीरज शर्मा, संदीप निर्मलकर, प्रमोद गुप्ता, लक्की, अमन गुप्ता एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### आस्था विद्या मंदिर जावंगा पहुंचे विधायक चैतराम, शक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत से अवगत हुए



**गीदम, 24 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आस्था विद्या मंदिर एजुकेशन सिटी जावंगा गीदम के वार्षिक महोत्सव में आज दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी अतिथि के रूप में उपस्थित हुए जहा उन्होंने बच्चो और अभिभावकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा की एजुकेशन सिटी जावंगा शिक्षा के क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित हुआ है इसका गुणगान शिक्षा के क्षेत्र में देश और विदेश में भी सुनने में आता है जो हम सब बस्तर समेत दंतेवाड़ा वासियो के लिये गौरव की बात है, इस संस्था का अवलोकन करने विश्व के लोकप्रिय और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, महामहिम राष्ट्रपति समेत अनेको केंद्रीय मंत्री भी आये है और सभी ने इसका गुणगान किया है। अटामी ने कहा की एजुकेशन सिटी जावंगा जैसी संस्था के बारे में एक दंतेवाड़ा जैसे संवेदनशील छेत्र में सोच रखने वाले तत्कालीन आई ए एस ओ पी चौधरी जी का में हार्दिक अभिनन्दन करता हु वे आज वर्तमान में छत्तीसगढ़ शाशन में मंत्री भी बनाये गये है इसलिए में आप सबको आश्वस्त करते हुए कह सकता हु की इसे हमने बनाया है हम ही सवारेंगे तत्पश्चात विधायक चैतराम अटामी ने बच्चो से मुलाकात कर नन्हे भारत के भविष्य के साथ समय व्यतीत कर शिक्षा व्यवस्था के बारे में हाल चाल पुछा।

### प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को किया जाएगा लाभान्वित



**उत्तर बस्तर/कांकेर, 24 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री जनमन योजना का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विभिन्न विभागों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उक्त योजना के तहत जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने एवं उनके गांवों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु कार्ययोजना पर चर्चा की गई। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार उक्त योजना के तहत पीवीटीजी परिवारों को लाभान्वित करने हेतु घर-घर जाकर सर्वे किया जाना है, ताकि उनके परिवार का कोई भी सदस्य वंचित न हो सके। बैठक में एडीएम एस. अहिरवार ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों की सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति में उत्तरोत्तर सुधार करना है, ताकि उनका त्वरित गति से विकास सुनिश्चित किया जा सके। इसके साथ ही प्रत्येक परिवार को शासकीय योजना का लाभ मिल सके। बैठक में एडीएम अहिरवार ने अधिकारियों से विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के गांवों में सड़क, पक्का आवास, विद्युत, स्कूल, पेयजल, राशन, आंगनबाड़ी सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नीलामी 22 जनवरी को

**बीजापुर, 24 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर सेना अंतर्गत जिला बीजापुर के निष्प्रयोज्य घोषित भण्डार सामग्रियों की नीलामी 22 जनवरी 2024 दिन सोमवार को कार्यालयीन समय प्रातः 11 बजे नगर सेना कार्यालय कैम्प परिसर में आयोजित की जाएगी। निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रियों में नगर सैनिकों की वर्दी सामग्री जैसे- पेन्ट, कमीज, टोपी, जूते, कम्बल, दरी, बेल्ट, मच्छरदानी, बरसाती, आदि सम्पूर्ण सामग्री एक लाट में नीलामी की जावेगी। इच्छुक खरीदार नीलामी तिथि के एक दिन पूर्व कार्यालयीन समय में कार्यालय नगर सेना कैम्प परिसर में जाकर नीलामी की जाने वाली सामग्रियों को देख सकते हैं।

## एक नजर

### सालेम इंग्लिश स्कूल में एनुअल डे धूमधाम से मनाया गया




**रायपुर 24 दिसंबर।** 21 दिसंबर को सालेम इंग्लिश स्कूल में एनुअल डे का कार्यक्रम बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम का प्रारंभ क्वायर ग्रुप के स्वागत गीत से किया गया अवसर प्रति मुख्य अतिथि के रूप में श्री बृजमोहन अग्रवाल विधायक दक्षिण रायपुर छत्तीसगढ़ जिन्होन अपने शब्दों से बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम के प्रारंभ में छत्तीसगढ़ी स्वागत नृत्य कक्षा 12वीं के बच्चों के द्वारा शाला की शिक्षिका श्रीमती आकांक्षा नंद के निर्देशन में प्रस्तुति किया गया तथा क्लासिक नृत्य कक्षा आठवीं के बच्चों के द्वारा शाला की शिक्षिका श्रीमती मधुमसी के निर्देश में प्रस्तुति किया गया आगे की कड़ी में नर्सरी एव पी पी वन के नन्हे बच्चों के द्वारा मनमोहक फ्यूजन डांस हिंदी एवम इंग्लिश में प्रस्तुत किया गया इस कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के बच्चे ने बड़े ही जोश के साथ अपने कला का प्रदर्शन किया तथा शाला ग्राउंड में बैठे मान्नीय पालको का मन मोह लिया। श्री नितिन लॉरेंस सचिव, डायसीस ऑफ़ छत्तीसगढ़ वाइज चेयरमैन, सी.डी.बी.ई. तथा श्री जयदीप रॉबिन्सन के सचिव सी.डी.बी.ई तथा श्री अजय जॉन ट्रेसरर आर सी.डी.बी.ई तथा श्री जॉन राजेश पॉल प्रवक्ता छत्तीसगढ़ डायसिस एव श्री पुरंदर मिश्रा विधायक रायपुर उत्तर एवम श्री ओपी चौधरी उपसथित थे तथा श्री डॉ रमन सिंह ने शाला के बच्चों को अपनी शुभ कामनाएं दी हैं. शाला की प्राचार्या श्रीमती रूपिका लॉरेंस ने बच्चों के बेहतर प्रदर्शन के लिए उनका उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### रिलायंस हेल्थ ग्लोबल लॉन्च

**रायपुर 24 दिसंबर।** भारत में साधारण बीमा क्षेत्र की बड़ी कंपनियों में से एक, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने आज रिलायंस हेल्थ ग्लोबल को लॉन्च किया है, जो दुनिया भर की स्वास्थ्य सेवाओं को भारतीयों के लिए सुलभ बनाने के उद्देश्य से डिज़ाइन की गई एक हेल्थकेयर पॉलिसी है। यह पॉलिसी भारत के साथ-साथ इसकी सीमाओं के बाहर पूरी दुनिया में सुरक्षा का कवरेज देती है, जो ऐसे लोगों को सहज तरीके से बेमिसाल अनुभव प्रदान करती है, जिन्हें ग्लोबल लाइफ़स्टाइल की आदत हो चुकी है और जो चाहते हैं कि विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ और बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर आसानी से उपलब्ध हो। रिलायंस हेल्थ ग्लोबल ढेर सारी बेमिसाल सुविधाओं की पेशकश करता है, जिसने हेल्थ इंश्योरेंस के क्षेत्र में दिए जाने वाले प्रस्तावों को एक नई परिभाषा दी है।

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने कॉपीराइट उल्लंघन मामले में पीपीएल इंडिया के लिए महत्वपूर्ण जीत का फैसला सुनाया

**बिलासपुर 24 दिसंबर।** क्रिसमस के जश्न एवं नव वर्ष की पूर्व संध्या पर फोनोग्राफिक परफोर्मेन्स लिमिटेड (पीपीएल इंडिया) अपने 70 लाख गीतों की व्यापक कैटलॉग को सुरक्षित करने के लिए तैयार है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कॉपीराईट उल्लंघन के खिलाफ़ फैसला सुनाया है, जिसके तहत संस्थाएं आवश्यक लाइसेंस के बिना पीपीएल द्वारा नियन्त्रित कॉपीराईट गीतों को नहीं बजा सकतीं। सार्वजनिक अधिकारों की देखरेख करने वाले 80 साल पुराने पावरहाउस के रूप में पीपीएल इंडिया 400 से अधिक म्युज़िक लेबल्स की ओर से गीतों की व्यापक रेंज का प्रबन्धन करती है। इसमें उद्योग जगत के दिग्गजों जैसे टी-सीरीज़, सारेगामा, सोनी म्युज़िक, युनिवर्सल म्युजिक, वार्नर म्युज़िक, टाइम्स म्युज़िक, स्पीड रिकॉर्ड्स आदि के गीत शामिल हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा हाल ही में सुनाया गया फैसला पीपीएल इंडिया के लिए प्रेरणास्रोत के रूप में काम करता है, यह भारत के कई जाने-माने संगठनां जैसे वन 8 कम्यून (विराट कोहली के स्वामित्व में), टिम होर्टन्स, एप्ट्रोनिक्स, युनिकॉर्न, गोला सिज़लर, स्टर8अप हॉस्पिटेलिटी (ब्राण्ड जैसे ड्यूटी फ्री, सैस्सी ऑस्कर, टू इंडियन आदि) द्वारा कॉपीराईट साउण्ड रिकॉर्डिंग के अनधिकृत इस्तेमाल के मुद्दे को हल करता है। पिछले सालों के दौरान भारत की कई अदालतों ने इस तरह के उल्लंघन के खिलाफ़ फैसले जारी कर पीपीएल को समर्थन दिया है।

### क्षेत्रीय विधायक के रुख पर निर्भर करेगा शराब विरोधी आंदोलन का भविष्य

**रायपुर 24 दिसंबर।** कभी सफल शराबभट्ठी विरोधी आंदोलन कर चुके आरंग विधानसभा क्षेत्र के? ग्राम भानसोज सहित इस क्षेत्र के? ग्रामों में बिक रहे अवैध शराब के खिलाफ जारी आंदोलन का भविष्य क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह के रूख पर निर्भर करेगा । आंदोलन से जुड़े ग्रामों के ग्रामीणों से मुलाकात के दौरान क्षेत्र में शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा ने यह बात कहते हुये कुछ दिन इंतजार करो व देखो की रणनीति अपनाने की सलाह दी । विधायक बनने के पूर्व श्री सिंह द्वारा गठित सतनाम सेना के साथ कई ग्रामों में अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ सीधी कार्यवाही किये जाने का स्मरण दिलाते हुये उन्होंने अपेक्षा की है कि सत्ताधारी दल के विधायक होने के चलते अब वे स्थानीय आबकारी व? पुलिस प्रशासन को क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री के साथ - साथ गांजा , जुआ व नशीली दवाइयां पर हर कीमत पर अंकुश लगाने ताकीद करेंगे और असफलता की? स्थिति में ठोस प्रशासनिक कार्यवाही कराने से भी पीछे नहीं हटेंगे । धरसीवां क्षेत्र के? नवनिर्वाचित विधायक अनुज शर्मा द्वारा चुनावी अभियान के दौरान कोचियों को अपना धंधा समेट लेने की सार्वजनिक चेतावनी व शपथग्रहण के बाद बैठक में अधिकारियों को इस संबंध में दिये गये स्पष्ट निर्देश की तरह श्री सिंह से भी ऐसा ही सार्वजनिक निर्देश जारी करने का आग्रह किया है । सन् 93-94 आबकारी सत्र में सफल शराबभट्ठी विरोधी आंदोलन कर चुके आरंग थाना क्षेत्र के? ग्राम भानसोज सहित आंदोलन से जुड़े इसी थाना क्षेत्र सहित मंदिर हसौद व खरोरा थाना क्षेत्र के 30-35 ग्रामों में से अधिकांश में भी लिप्त तत्वों के हौसले बुलंद होने की जानकारी उन्होंने दी है ।

# प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी से सपना होगा साकार:सांसद

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का सिलसिला जारी, मोंगरापाली और भुरकोनी में शामिल हुए सांसद चुन्नीलाल साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**महासमुंद 24 दिसंबर।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफर महासमुंद जिले में निरंतर जारी है।

जिले के महासमुंद विकासखंड के ग्राम पंचायत अछोली, परसाडीह, गढ़सिवनी, पीढ़ी और पिथोरा के नवागांव कला, भुरकोनी, पिलवापाली, सरायपाली के गोहरापाली, तोरेसिंहा, बागबाहरा के मोंगरपाली स में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार रथ के ग्राम में आगमन होने पर महिलाओं तथा ग्रामीणों द्वारा पूजा-अर्चना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थलों में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उसका लाभ उठाने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम स्थल में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सामग्रियों का वितरण भी किया गया। ग्राम मोंगरापाली और भुरकोनी में महासमुंद लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी से सबका सपना साकार हो रहा है। विकसित भारत यात्रा के माध्यम से जो भी हितग्राही योजना से वंचित हुए हैं उन्हें लाभ देने का एक सुनहरा अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के गठन होते ही 18 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास मिलेगा। इसी तरह उज्ज्वला गैस कनेक्शन भी अब आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि हम सब विकसित भारत का संकल्प लें और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ ले। उन्होंने शिविर में हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी वितरण किया। उन्होंने अपील किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार अवश्य उठाएं। कार्यक्रम में ओडीएफ प्लस, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला गैस वितरण किया गया। साथ ही बच्चों को अन्नप्रासन कराया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, हितग्राही गण एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जीवन ज्योति बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, हर घर जल-जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित सिकलसेल, एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य आवासीय विद्यालय में पंजीयन, छात्रवृत्ति योजना, वन अधिकार पट्टा, व्यक्तिगत एवं सामूहिक वन धन विकास केंद्र आदि योजनाओं के हितग्राही संकल्प यात्रा में शामिल होकर अनुभव साझा करें।

# गुड मार्निंग महासमुंद में बच्चों, खिलाड़ियों व शिक्षकों ने किया डांस



**महासमुंद 24 दिसंबर।** लोगों के बेहतर स्वास्थ्य व उनको जागरूक करने के साथ उनकी इम्यूनिटी सिस्टम को मजबूत करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, खेल विभाग, खेल संघ तथा विभिन्न विभागों के सहयोग से गुड मॉर्निंग महासमुंद का आयोजन मिनी स्टेडियम महासमुंद में सुबह 7 से 8:30 बजे तक किया गया, जिसमें योगा, जुंबा, नेटबॉल, रस्साकसी, फुटबॉल, बास्केटबाल, वॉलीबाल, कराते, क्रिकेट खेल के साथ पारंपरिक गतिविधियां संखली आयोजित किया गया। खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने बताया कि गुड़ मार्निंग महासमुंद में विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, खेल संघ, हिट होप जुंबा क्लॉस व नागरिक सहित 400 से ज्यादा प्रतिभागियों ने लगातार पांचवे आयोजन में उत्साह के साथ शामिल होकर आयोजन को सफल बनाया। वैशाली ठाकुर के नेतृत्व में योगासन, प्राणायाम स्कूली बच्चों ने किया, जिसमें साक्षी सबर, रुपरानी यादव, अन्नू चंद्राकर, राशि चंद्राकर, वैभव लक्ष्मी का अच्छा प्रदर्शन रहा। बॉल बैडमिटन में अंकित जैन के नेतृत्व में खेला गया, जिसमें लक्ष्मी चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, हीना, राहुल कुर्रे, शुभम मानिकपुरी का अच्छा प्रदर्शन रहा, नेटबॉल में कुलेश्वर चंद्राकर के नेतृत्व में खेला गया, जिसमें खुशबू साहू, सिद्धि साहू, कनिका वैष्णव, विक्की सोनी, विकास राजसेन का प्रर्दशन अच्छा रहा। बॉस्केटबॉल खेल में आकाश सोनी के नेतृत्व में खेला गया, जिसमें सौम्या खान, योजना रंगारी, सिद्धार्थ साहू, स्वरूप जोशी ने अच्छा प्रर्दशन किया। फुटबॉल के खिलाड़ियों में हार्दिक, अथर्व, उद्धव नायडू, ऐश्वर्य पटेल, जिग्नेश, संकल्प व आदित्य ने बेहतर प्रदर्शन किया। सुशील रनवी के नेतृत्व में क्रिकेट मैच खेला गया, जिसमें मिथुन जगत, बिहारी सिंह, आशीष कुमार, मोहन परमार ने अच्छा प्रदर्शन किया। लंबीकूद व ऊंचीकूद में विद्या ध्रुव, तृप्ति यादव, देवती दिवान ने अच्छा प्रदर्शन किया। हिट हॉप जुंबा क्लॉस से हितेष यादव, वैशाली सिंह ठाकुर के नेतृत्व में जुंबा डांस किया गया, जिसमें बच्चों, खिलाड़ी, नागरिक के साथ शिक्षको ने उत्साह के साथ जुंबा डांस किया, जिसमें भूमिका सिन्हा, अपर्णा शर्मा, ममता निषाद, मोनिका साहू, रामेश्वरी साहू, हेमलता यादव, गरिमा प्रजापति, सानिया, राजकुमारी, जय विभार, लुकेश चक्रधारी, मिनेश खंडेलवाल ने अच्छा प्रदर्शन किया। ह्यह्य आशा सिन्हा, आरती साहू, नीलम सिन्हा, सन्मय, लालू सोनवानी का सहयोग रहा। खेल एवम युवा कल्याण द्वारा आयोजन में अच्छे प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल से सम्मानित किया गया इस अवसर पर खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, कुमारी दुर्गेश नंदनी, कुमारी लक्ष्मी साहू, गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद के जिला समन्वय बोधराम साहू, उपजोन समन्वय रायपुर मनहरण लाल साहू, प्राचार्य डीएमएस के के शुक्ला, व्याख्याता रिखी राम साहू, मानिक साहू इत्यादि अतिथिगण उपस्थित रहे। मंच संचालन हिरेंद्र साहू ने किया।

## समाचार संक्षेप

### सोनातानी भाई तमसा नदी से पानी लेके अयोध्या के लिया पैदल निकले

**सुकमा 24 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** ।



मलकानगिरी से हमारे दो सोनातानी भाई तमसा नदी से पानी लेके अयोध्या के लिया पैदल चलते हुऐ आज सुभेरे 9.30 मिनट पर अर्थात 24/12/23 तारीख निकल पड़े है दोनो। 1200 किलोमीटर से ऊपर रास्ता दोनो को तय करना है। अगले एक महीना चलते हुए, अयोध्या धाम में पोहोंचनेकी इरादा दोनो भाई रखी है। बहुत जलद दोनों सुकमा पोहोंच जायेंगे। कृपया करके सभी सोनातन भाई से बिनती कि आप के तरफ से कुछ मदद होगा तो जोरूर करना । ताकि दोनों राम भक्त भाई जो अपना इरादा लेके प्रोभू राम भगवान की दर्शन के लिए निकला हे बो जरूर आप लोगो कृपासे से पूरी हो सके।

### रोटरी क्लब के मेगा रोजगार मेला में 157 बेरोजगार लाभान्वित



**रायपुर 24 दिसंबर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एवं उनके सहयोगियों इक्विटास , टेली ब्रेंस , हियरिंग केयर सेंटर एवं सिगनिया द्वारा आयोजित मेगा रोजगार मेला में 18 कंपनीयों ने 350 बेरोजगारों का बैंक , फाइनेंस , सेल्स एक्जीक्यूटिव , टेकनीशियन , मार्केटिंग , हेल्थकेयर , होमकेयर , ड्राईवर , सिक्युरिटी गार्ड आदि पदों के लिए साक्षात्कार लिया । इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला बेरोजगार युवतियां उपस्थित रही ।क्लब के अध्यक्ष प्रदीप गो विद शितूत ने जानकारी दी कि साक्षात्कार लेने के लिए आई विभिन्न कंपनियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 157 बेरोजगार युवक युवतियों का प्रथम चरण में रोजगार हेतु चयन किया गया है । क्लब के पूर्व अध्यक्ष भरत डागा ने बताया कि गत वर्ष भी क्लब के द्वारा आयोजित मेगा रोजगार मेला में 65 लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ था। इस वर्ष यह आंकड़ा डबल से अधिक हो गया है । रोजगार मेला कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ राकेश पांडे ने कहा कि रोटरी क्लब ऑफ रायपुर रोजगार प्रदान करने वाली कंपनीयों और बेरोजगारों के लिए एक मध्यस्थ की भूमिका निभाती है ताकि बेरोजगारों को बिचोलियों के कमीशन एवं परेशानियों से छुटकारा मिल सके । और कंपनियों को उनकी आवश्यकतानुसार उपयुक्त कर्मचारी प्राप्त हो सके । क्लब सचिव जयंत थोरात ने साक्षात्कार के लिए आई कंपनियों के प्रतिनिधियों का सम्मान करते हुए उनका आभार प्रकट किया साथ ही साक्षात्कार में चयनित बेरोजगारों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए हियरिंग केयर सेंटर तथा सिगनिया संस्थाओं का इस आयोजन के लिए उनके सहयोग का आभार प्रकट किया । इक्विटास डेवलपमेंट इनिशिएटिव ट्रस्ट के सी एस आर चंद्रशेखर साहू ने बताया कि आज के इस रोजगार मेले में आई दो कंपनियों को भी करीब 200 कर्मचारियों की आवश्यकता है जो 5 वी से लेकर 12 वी तक कि पढ़ाई किए हैं तथा जो सिक्यूरिट गार्ड , नर्सिंग का जाब करना चाहते हैं । नर्सिंग हेतु निशुल्क ट्रेनिंग , रहने आदि की सुविधा भी उपलब्ध कराई जायेगी । इस हेतु शीघ्र ही एक और रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा । टेली ब्रेंस के हर्ष साहू द्वारा अपने संस्था के सहयोगियों के साथ मिलकर अयोजन की सम्पूर्ण व्यस्था को सुचारू रूप प्रदान किया गया । इस अवसर पर क्लब के स्वरुप चंद जैन , सुभाष साहू , एन सी मोरियानी , नवीन आहूजा , विकास अग्रवाल , शेखर अमीन आदि उपस्थित थे।

### परिजनों की स्मृति में चरामेति के माध्यम से शालेय छात्रों को स्वेटर वितरण



**रायपुर 24 दिसंबर।** स्व. लखन गिरी गोस्वामी, स्व. राजेन्द्र गिरी गोस्वामी एवं स्व. मनोज पंड्या की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा चरामेति फाउंडेशन के माध्यम से शालेय छात्रो को स्वेटर वितरित किए गए। संस्था के राजेन्द्र ओझा ने बताया कि माधव राव सप्रे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के करीब पचास से ज्यादा बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए एवं मौमी मांझी, रौनक, दिप्तीमा, शिवानी, गौकरण, रीना, शिवानी सहित समस्त छात्र- छात्राओं ने अपनी खुशी भी व्यक्त की। यह कार्यक्रम राजेश्वरी गोस्वामी, मितेन्द्र गोस्वामी, शैल गिरी गोस्वामी, सुनीला बेन पंड्या, रमा गोस्वामी, डॉ. मृणालिका ओझा, रिचा, दुष्यंत, जयंत भाई जोशी, प्रदीप गोविंद शितूत, अनिता अग्रवाल, रौशन बहादुर सिंह, जी. पी. अखिलेश, भरत राजदेव, आइ. एस. बी. वी. श्रीनिवास राव, सुभाषिनी जतिन्दर भनोट, घासीलाल दीवान, राजू प्रधान, रिनिता नाग, वी के महालया, घनश्याम सराठे आदि की उपस्थिति एवं सहयोग से संपन्न हुआ।

# राजिम से फिगेंश्वर सड़क मार्ग बदहाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 24 दिसंबर।** राजिम फिंगेश्चर मुख्यमार्ग पर लगभग 4 बजे हुए भीषण सड़क हादसा में कार चालक ने मोटरसाइकल सवारों को रौंदा दिया जिसमे मोटरसाइकिल सवार की मौके पर मौत हो गई साथ ही दो अन्य लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए जिसे फिर 108 वाहन से राजिम अस्पताल पहुंचाया गया है तथा मौके पर आक्रोशित ग्रामीणों की भीड़ ने परिजनो के साथ शव को मुख्यमार्ग पर रखकर चक्काजाम जाम कर दिया और कलेक्टर को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे थे मृतक का नाम लेशराम साहू भैंसातरा का निवासी बताया जा रहा है साथ ही मौके पर फिंगेश्चर व राजिम थाना की टीम मौजूद रहे आक्रोशित भीड़ को काबू करने के लिए बता दे कि राजिम फिंगेस्वर, महासमुन्द मार्ग या फिर राजिम गरियाबंद मार्ग काफी खराब है और तेज रफ्तार दौड़ते हुए गाड़िया ओवर टेक चक्कर में दू पहिया वाहनों को चपेट में ले लेते है। यह पहला मौका नहीं की इस मुख्य मार्ग पर ऐसी घटना हुआ न हो



**लोगों की मांग इस मार्ग पे होने वाले घटना के लिए जिम्मेदारी तय किया जाए :** विकास की छाती पीटने वाले जनप्रतिनिधियों ने आज तक कभी भी चाहें नेशनल हाईवे की बात हो या प्रधानमंत्री सड़कों की कंडम हो चुके हालात को लेकर किसी भी प्रकार से पहल नहीं की पर अपनी अपनी पार्टी की गुणगान जरूर की पर लोगों के मुलभुत सुविधा से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई आपको बता दें कि राजिम से फिगेंश्वर रोड़ पर गढ्ढों की भरमार, टप्पर भी नसीब नहीं हो सका लोग इस रोड़ से गुजरते समय एक बात तो जरूर बोलते हैं कब अचानक से कहा पर ठोक दे इसकी कोई गारंटी नहीं है जब मंजिल पर पहुंच गए तभी राहत मिलते हैं नहीं तो आए दिन समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं और बहुत से घटनाएं समाचार पत्रों में नहीं आ पाते।

# राजिम नगर पंचायत में शासकीय पैसों की हुई है बंदरबांट,अब हो रहा है खुलासा

■ आर टी आई से हो रहे हैं नए नए खुलासे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजिम 24 दिसंबर।** धर्म नगरी राजिम में एक बार नगर पंचायत का विकास कार्यों में बड़ा झोल झाल सामने आया है यह खुलासा नगर के आरटीआई कार्यकर्ता विनित पारख ने की है उन्होंने मीडिया को बताया की नगर पंचायत राजिम में भ्रष्टाचार की किताबे लिखी गई है जो परत दर परत राज खुल रहे है उनका कहना है कि शासन के पैसों का बंदरबाट हुआ है।और यह सब दावा करते हुवे बड़ा आरोप लगाया है आरटीआई कार्यकर्ता पारख के अनुसार उन्हें यह सब सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मिली है जिसमे धर्म नगरी राजिम में लगाए गए ट्यूबलर लाइट में ठेकेदार के द्वारा गुणवत्ताहीन सामग्री का प्रयोग किया गया है।और समयसीमा पूर्ण होने के बावजूद भी अभी तक कार्य अधूरा पड़ा हुवा है साथ ही बिना गुणवत्ता जांच रिपोर्ट के ठेकेदार को 30 लाख रूपये के कार्य में 26 लाख रूपये का भुगतान भी कर दिया गया है, जबकि गुणवत्ता जांच रिपोर्ट आए बिना किसी भी कार्य में कोई भुगतान नहीं करने का शासन के द्वारा निर्देश दिया गया है, जिसका कड़ाई से पालन भी करने की बात कही गई हैं। साथ ही ठेकेदार के द्वारा स्टीमेट से बाहर काम किया गया है जोकि जांच का विषय है हालांकि इस सब भ्रष्टाचार का मास्टर माइंड कौन है उसका पता नही चला है पर आरटीआई कार्यकर्ता का दावा है की उसे बहुत जल्द बेनकाब किया जाएगा। तो वही इस पूरे मामले पर सीएमओ नगर पंचायत राजिम अशोक सलामे का कहना है की गुणवत्ता जांच रिपोर्ट अभी नहीं आया है और भुगतान भी ठेकेदार को किया गया है, कार्य में अनियमितता की जांच करायी जायेगी।

# आदिवासी अधिकारों और कानूनों का सम्मान करें भाजपा सरकार, हसदेव के आंदोलनकारियों की रिहाई की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 24 दिसंबर।** अखिल भारतीय किसान सभा से संबद्ध छत्तीसगढ़ किसान सभा ने हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति से जुड़े आंदोलनकारियों और ग्रामीणों की गिरफ्तारियों की तीखी निंदा करते हुए उनकी तत्काल रिहाई की मांग की है। आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार परसा ईस्ट केते बासेन कोयला खदान को अडानी को सौंपना चाहती है और इसके खिलाफ होने वाले प्रतिरोध को सरकार कुचल रही है। आज हसदेव क्षेत्र को खनन मुक्त रखने के संबंध में छत्तीसगढ़ विधानसभा ने भाजपा के समर्थन से सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया था। आज भाजपा सत्ता में आने के बाद इस प्रस्ताव से मुकर रही है और अडानी की लूट के लिए




खनन प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए पुलिस बल के साए में जंगल की कटाई करवा रही है। भाजपा सरकार का यह कदम आदिवासी विरोधी और वनाधिकार कानून, पेसा कानून और भू-अर्जन कानून का उल्लंघन है, जो यह कहता है कि वन भूमि पर आदिवासी अधिकारों की स्थापना पहले की जाएगी और उसके बाद ही ग्राम सभाओं की सहमति से खनन प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हसदेव क्षेत्र में वनों पर काबिज आदिवासियों को पट्टे देने के बजाए उनसे वन अधिकार पत्रक तत्कालीन भाजपा सरकार द्वारा छीन लिए गए थे।हसदेव के जंगलों के विनाश का अर्थ है -- बांगो बांध का अस्तित्व खत्म होना, पर्यावरण और जैव विविधता का खत्म होना, कृषि का चौपट होना, मानव-हाथी संघर्ष का बढ़ना और आदिवासियों का बड़े पैमाने पर विस्थापन। ये सभी कारक मिलकर छत्तीसगढ़ और आदिवासियों की विनाश लीला ही रचेंगे। विपक्ष में रहते हुए भाजपा ने इस प्रदेश के आदिवासियों से जो वादे किए थे, सत्ता में आने के बाद भाजपा उस पर अमल करें, न कि कॉर्पोरेटपरस्त आदिवासी विरोधी रुख अपनाए।

## शिकायत मिलने पर अधिकारी, कर्मचारियों पर होगी सख्त कार्रवाई

# पुलिस व आबकारी विभाग अवैध शराब माफियाओं पर शीघ्र कार्रवाई करे:सुधा साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद 24 दिसंबर।** जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले के गांव-गांव में अवैध रूप से बिक रही शराब पर चेतावनी देते हुए भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू ने कहा कि अवैध कारोबारी अपना कारोबार अब समेट लें। क्योंकि, प्रदेश में अब गुंडा गर्दी, माफियाओं, अवैध कारोबारियों को संरक्षण देने वाला सरकार नहीं रहा। प्रदेश में शांति व्यवस्था कायम रखने अब सुशासन की सरकार है।

श्रीमती साहू ने पुलिस व आबकारी विभाग को आगाह करते हुए कहा कि आपकी निष्क्रीयता से अवैध शराब के कारण युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में तेजी से आ रही है। महासमुंद क्षेत्र के दर्जनों गांवों में अवैध



शराब का कारोबार किया जा रहा है। अवैध कारोबारियों को इतने बड़े पैमाने पर शराब कहां से और कैसे उपलब्ध हो रही है। साथ ही उनके द्वारा बेचे जाने पर किसी तरह की कोई कार्रवाई क्यों नहीं होती, इससे पुलिस व आबकारी विभाग की मिलीभगत को इंगित करता है। उक्त अवैध शराब के कारण गांवों में अशांति का माहौल है। लड़ाई झगड़े आम बात हो गई है। ऐसे में पुलिस व आबकारी की प्रमुख दायित्व बनता है कि वह इन अवैध गतिविधियों पर शीघ्र कार्रवाई करें। अनेक गांवों से माताओं, बहनों से शिकायत मिलती है कि कई बार शिकायत के बाद भी पुलिस कार्रवाई नहीं करती। वहीं, ग्रामों में गठित महिला समूह अवैध शराब विक्रेताओं को पकड़कर पुलिस के हवाले करती हैं, तो कुछ देर बाद पुलिस की मेहरबानी से अवैध कारोबारी बाहर निकल आता है। इससे इन अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद रहते हैं। तथा कार्रवाई करने वाली महिला समूहों में घोर निराशा तथा शासन-प्रशासन के खिलाफ आक्रोश रहता है। उक्त सभी बातों को ध्यान में रखते हुए पुलिस व आबकारी विभाग यह गांठ बांध लें, कि अब सांठगांठ, मनमानी का खेल नहीं चलेगा। भाजपा शासन में सख्त से सख्त कार्रवाई होगी तथा शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को भी बख्शा नहीं जाएगा। श्रीमती साहू ने कहा कि 5 साल कांग्रेसी शासन काल में अवैध शराब का कारोबार वृहद स्तर पर पूरे जिले में मकड़ी की जाल तरह फैल गई है। कार्रवाई के अभाव में अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। अब जब प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन गई तो माताओं, बहनों को प्रदेश सरकार से काफी उम्मीदें हैं कि शीघ्र ही शहर से लेकर गांवों में बिक रही अवैध शराब पर शीघ्र रोक लगाया जाए। जनता ने जिस विश्वास के साथ भाजपा को सत्ता का बागडोर सौंपा है, उस विश्वास पर खरा उतरने भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार की मंशा पर प्रशासनिक अधिकारी पानी न फेरे।

# संयुक्त सचिव ने हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने किया प्रेरित

## मरदा शिविर में हितग्राहियों को बांटी गई सामग्री



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 24 दिसम्बर।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन -जन तक पहुंचाने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मरदा में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भारत सरकार पेट्रोलियम मंत्रालय के संयुक्त सचिव एवं जिले के प्रभारी अधिकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा आशीष जोशी एवं कलेक्टर चंदन कुमार शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विभागीय स्टाल का अवलोकन किया तथा उपस्थित हितग्राहियों एवं ग्रामीणों से चर्चा की और सरकार की योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर में कृषि विभाग द्वारा 5 किसानों को स्पेयर पम्प, खाद्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के 7 हियग्राहियों को गैस सिलेण्डर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया।

कलेक्टर चंदन कुमार ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा नया उद्देश्य, नई दिशा एवं नई ऊर्जा देने का कार्य कर रही है। विकसित भारत बनाने के लिए सभी लोगों को संकल्पित होना होगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की सभी योजनाएं हर जनमानस तक पहुंचे तथा पात्रता रखने वाले हितग्राही को लाभ मिले यही इस यात्रा का उद्देश्य है। यहां विभगो द्वारा स्टाल लगाया गया है जहां जाकर योजनाओं के बारे में जानकारी जरूर लें। योजना का लाभ लेकर जीवन मे जो परिवर्तन आया उसके बारे में हितग्रही खुद अपने अनुभव यहां साझा कर रहे है। शिविर में धरती कहे पुकार अन्तर्गत रासायनिक खाद के उपयोग से मिट्टी के सेहत पर पड़ने वाले दुष्परिणाम से सम्बंधित नाटिका का मंचन किया गया। मेरी कहानी मेरी जुबानी अन्तर्गत यशोदा साहू ने मिट्टी परीक्षण, लेख राम साहू ने जैविक खेती, जीवन लाल जांगड़े ने पीएम आवास, भुवनेश्वरी साहू ने स्वच्छ भारत अभियान से सम्बंधित अनुभव साझा की। शिविर में कृषि, खाद्य, कृषि विज्ञान केंद्र, बैंक, मत्स्य, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, एनआरएलएम आदि विभगों के द्वारा स्टॉल लगाए गए थे।

## एक नजर

### पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ लेने के लिए पंजीयन प्रारंभ

**बलौदाबाजार, 24 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पीएम विश्वकर्मा योजना भारत सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य कारीगरों और शिल्पकारों की पहचान विश्वकर्मा के रूप में कर उन्हें लाभ प्रदान करना कौशल उन्नयन, आधुनिक औजार प्रदान करना तथा संपार्श्विक ऋण प्रदान करना है। इस योजना का लाभ लेने हेतु ऑनलाइन पंजीयन शुरू हो गया है। पंजीयन लोकसेवा केंद्र के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा पोर्टल या मोबाइल एप्प पर आधार ऑथेंटिकेशन के माध्यम से आबश्यक दस्तावेज जैसे आधार, मोबाइल नंबर, राशन कार्ड बैंक विवरण से किया जाएगा। यह पंजीकरण पूर्णत: नि:शुल्क है। जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र से प्रप्त जानकारी के अनुसार पीएम विश्वकर्मा योजना में पंजीयन के लिए बलौदाबाजार- भाटापारा जिले को 10400 का लक्ष्य मिला है। शतप्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए कलेक्टर चंदन कुमार ने जनपदों के मुख्य कार्यपालन ।अधिकारी तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को योजना के तहत पात्र कारागारों का चिन्हांकन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं हितग्राहियों का प्रशिक्षण दिए जाने के निर्देश दिए हैं। योजना के तहत चिन्हित एवं प्रमाणित हितग्राहियों को 15 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसमें प्रति प्रशिक्षणार्थी 500 रुपये प्रतिदिन के मान से मानदेय राशि दी जाएगी। प्रशिक्षित हितग्राहियों को ई वाउचर या ई रूपी के माध्यम से 15 हजार रुपये तक टूल किट प्रदाय किये जायेंगे। 5 प्रतिशत रियायती व्याज पर ऋण सहायता 18 महीने के पुनर्भुगतान के पहली किश्त एक लाख रुपये तक एवं 30 महीने की पुनर्भुगतान के लिए दूसरी किश्त 2 लाख रुपये तक उपलब्ध कराया जाएगा। पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत जिसमें कारीगर, शिल्पी, बुनकर, टेलरिंग, कारपेंटर, लोहार, शस्त्रसाज, लोहे का औजार निर्माता, ताला साज, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, चर्मकार, राजमिस्त्री, टोकरी, चटाई झाडू निर्माण, खिलौने बनाने वाले, मालाकार, नाई, धोबी एवं मछली जाल निर्माता आदि को लाभान्वित किया जाना है।

■ **लोकसेवा केंद्रों में होगा नि:शुल्क ऑनलाइन पंजीयन**

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका भर्ती के लिए आवेदन 1 जनवरी तक आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 24 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदाबाजार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत आवेदन आंगनबाडी केन्द्र चरोटी-1 में कार्यकर्ता के रिक्त 1 पद एवं आंगनबाडी केन्द्र करमदा-4, भद्रापाली-1, झोंका-2, अमलकुंडा-1 में सहायिका के रिक्त 4 पदों की पूर्ति हेतु संबंधित ग्रामों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। इसी प्रकार शहरी क्षेत्र में नगरपालिका परिषद् बलौदाबाजार के गुरुनानक देव वार्ड 8 अंतर्गत आंगनबाडी केन्द्र 10 अ में कार्यकर्ता के रिक्त 1 पद एवं इंदिरा गांधी वार्ड 6 अंतर्गत आंगनबाडी केन्द्र 8 अ, गुरुदेव रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड 21 अंतर्गत आंगनबाडी केन्द्र 2 अ, लोकमान्य तिलक वार्ड 16 अंतर्गत आंगनबाडी केन्द्र 16 ब में सहायिका के रिक्त 3 पदों की पूर्ति हेतु संबंधित वार्डो से आवेदन पत्र दिनांक 19 दिसंबर 2023 से 1 जनवरी 2024 तक तिथि निर्धारित की गई है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के आवेदक द्वारा आवेदन पत्र दिनांक 1 जनवरी 2024 को कार्यालयीन समय में सायं 5.30 बजे तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदाबाजार में पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा किया जा सकता है।

### आपदा पीड़ित 8 परिवारों को 32 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 24 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत 8 लोगों के निकट परिजनों के लिए 32लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 21दिसम्बर 2023 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार हितग्राहियों में सुमित्रा सोंझरी पति स्व. भुखाऊ सोंझरी निवासी ग्राम टिपरुंग तहसील टुण्ड्रा, अमरीका बाई मानिकपुरी पति स्व. फूलदास मानिकपुरी, निवासी ग्राम दर्री तहसील टुण्ड्रा, अन्नपूर्णा देवी पति स्व घनश्याम कुर्रे निवासी ग्राम मटिया, तहसील टुण्ड्रा, नरोत्तम पिता सोनू राम यादव निवासी ग्राम बरपाली, तहसील टुण्ड्रा, दया राम यादव पिता बुधु राम यादव निवासी ग्राम लोरिदखार तहसील सोनाखान, पुरुषोत्तम निषाद पिता स्व केजउ निषाद निवासी ग्राम बनसांकरा तहसील सिमगा, सावित्री बाई पति स्व याद राम ध्रुव निवासी ग्राम ढेबा तहसील सोनाखान एवं चुटकी बाई पति स्व बाबूलाल पटेल निवासी ग्राम खपरीडीह तहसील टुण्ड्रा शामिल हैं।

### शराब परिवहन करते कोचिया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 24 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं थाना प्रभारी पलारी निरीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में थाना पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में दिनांक 23.12.2023 को थाना पलारी से सउनि राजेश सेन एवं प्र.आर. अरशद खान की पुलिस टीम द्वारा ग्राम अमेरा में मोटरसाइकिल के माध्यम से देशी मसाला शराब ले जाते हुए एक शातिर शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से ?6000 कीमत मूल्य का कुल 60 पाव देशी मसाला शराब तथा अवैध रूप से शराब ले जाने में प्रयुक्त होंडा मोटरसाइकिल ष्ट्र22 स्7952 जप्त किया गया है।

## गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय ने लहराया परचम

# नैक से मिला जिले में सर्वोच्च अंक ग्रेड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 24 दिसम्बर।** गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय भाटापारा में विगत दिनों राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद बैंगलुरू द्वारा गठित पियर टीम के माध्यम से महाविद्यालय में प्रत्यायन हेतु डॉ, प्रो.सार्तिक बाघ, प्राध्यापक एवं विभागध्यक्ष बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ, चेयर मेन के रूप में उपस्थित रहें, प्रो.अनिल कुमार महापात्रा, प्रो. फकीर मोहन विश्वविद्यालय, बालासोर उड़ीसा, मेम्बर कोआर्डिनेटर के रूप में पधारे एवं सदस्य के रूप में डॉ.सी.एच.एन.वी मानिकयाला राव प्राचार्य एम.पी. विधि महाविद्यालय ओरंगाबाद महाराष्ट्र ने दिनांक 14/12/2023 से 15/12/2023 को महाविद्यालय में गुणवत्ता के मानदण्डों के अनुरूप शैक्षिक प्रकियाओं में संस्था का प्रदर्शन, पाठ्यक्रम चयन एवं कार्यान्वयन, शिक्षण अधिगम एवं मूल्यांकन तथा छात्रों के परिणाम, संकाय सदस्यों का अनुसंधान कार्य एवं प्रकाशन, बुनियादी सुविधाएं तथा संसाधनों की स्थिति, संगठन प्रशासन व्यवस्था, आर्थिक स्थिति तथा छात्र सेवाएं आदि के आधार पर महाविद्यालय का मूल्यांकन एवं प्रत्यायन का कार्य सम्पन्न किया।

दिनांक 21 दिसंबर 2023 को प्राचार्य को प्राप्त महाविद्यालय के ईमेल से नैक कार्यालय बैंगलुरू से महाविद्यालय को 2.48 सी.जी.पी.ए. के साथ ङ्क ग्रेड प्रदान किये जाने की सूचना दी गई महाविद्यालय के लिए यह गौरव की बात है कि बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में संचालित समस्त महाविद्यालयों में यह सर्वोच्चतम ग्रेड अंक है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ए.एल.ध्रुववंशी के मार्गदर्शन में डॉ. निधि मिश्रा, नैक कोआर्डिनेटर, डॉ. ऋषिराज पाण्डेय के कुशल संयोजन एवं महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं सहायक प्राध्यापक एवं अशैक्षणिक स्टॉप का नैक मूल्यांकन के दौरान सकारात्मक सहयोग प्राप्त हुआ इसके लिए महाविद्यालय के प्राचार्य ने आभार व्यक्त करते हुए उच्चतम ग्रेड प्राप्त करने के लिए हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की है।

जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष आलोक मिश्रा एवं समिति के समस्त सदस्य महाविद्यालय के पूर्व एवं वर्तमान विद्यार्थियों के सहयोग के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य ने आभार व्यक्त किया है। सीमित संसाधनों में महाविद्यालय ने गौरव पूर्ण उपलब्धि अर्जित कर सम्पूर्ण जिले के साथ प्रदेश में अपना एक विशिष्ट स्थान अर्जित किया है।, इस सुअवसर पर डॉ.रीता दीवान, डॉ.राम आशीष श्रीवास्तव, प्रो.ललित कुमार, प्रो. दिलीप कुमार सोनी, डॉ. महेन्द्र कुमार शर्मा, अनुराधा टण्डन, जलेश्वर वर्मा, सभी ने नैक में बेहतर योगदान दीए, उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन एवं पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के सतत् मार्गदर्शन एवं सकारात्मक सहयोग इस उपलब्धि को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध हुए हैं भविष्य में भी उनका सकारात्मक सहयोग प्राप्त होने की अपेक्षा है।

## समाचार संक्षेप

### रेत का अवैध परिवहन, प्रशासन ने तीन रेत से भरे ट्रैक्टर किए जब्त



**बलौदाबाजार, 24 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के निर्देश पर जिले में अवैध रेत परिवहन के मामलों में तेज़ी से कार्रवाई की जा रही है। अवैध रेत खनन और भंडारण के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। जिसमें आज 3 रेत से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली सहित ज़ब्त किया गया हैं। जिला खनिज अधिकारी के के बंजारे ने बताया कि आज सुबह सुबह खनिज विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध उत्खनन परिवहन भंडारण के संबध में जांच की गई। जांच के दौरान पलारी तहसील अंतर्गत ग्राम ब्रमह्वडीह में महानदी क्षेत्र में हो रहे अवैध उत्खनन संलिप्त 3 रेत से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली सहित ज़ब्त सीजी 04 एनसी 2790, सीजी 04 एनपी 9008 एवं एक सोल्ड वाहन शामिल है। सभी जब्त वाहन नजदीकी थाना को सुपुर्दगी में रखा गया है। यह सभी कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत किया गया है। इन वाहन मालिकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है की कल भी 1 चैनमाउंटेन मशीन सहित 9 रेत से भरे हाईवा जब्त की गई थी।

### गीता पब्लिक स्कूल में हुआ गीता पाठ



**सिमगा, 24 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गीता पब्लिक स्कूल सिमगा में गीता दिवस के शुभ अवसर पर गीता पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने पीले वस्त्र धारण किए हुए थे। गीता पब्लिक स्कूल के चेयरमैन सर, डायरेक्टर मैम, प्रिंसिपल सर, वाइस प्रिंसिपल सर एवम सभी शिक्षकों के द्वारा गीता आरती की गयी तथा शिक्षकों और साथ ही छात्रों के द्वारा गीता उपदेश के श्लोकों का पाठ किया गया और उसके अर्थों को भी समझाया गया। कार्यक्रम की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय के चेयरमैन सर के द्वारा बताया गया की गीता दिवस क्यों और किस उपलक्ष्य में मनाया जाता है, कृष्ण और अर्जुन से जुड़े गीता के महत्व को बताते हुवे इनका हमारे जीवन में क्या महत्व है और इसको कैसे अमल में लाकर अपने जीवन में क्या सकारात्मक बदलाव कर सकते है की समुचित जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्राचार्य द्वारा पूरे आयोजन को सफल बनाने के लिए शिक्षकों, अभिभावकों, छात्रों एवं नगरवासियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए संध्या साहू रवाना, लोगों ने दी शुभकामनाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 24 दिसम्बर।** राजस्थान के बीकानेर में 25-30 दिसंबर तक आयोजित 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाली भारोत्तोलन खिलाड़ी कु.संध्या साहू कक्षा 12 वीं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा की छात्रा को शाला परिवार की ओर से पुष्प गुच्छ देकर खुशी खुशी रवानगी एवं जीत की अग्रिम बधाई शुभकामनाएं दी गई।विदित हो कि कु संध्या साहू 45 किग्रा भार वर्ग में विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों को चुनौती देंगी। उन्हे सेवानिवृत्त पीटीआई प्रमोद सिंह ठाकुर प्रशिक्षण साथ ही उन्हे गरियाबंद जिला भारोत्तोलन संघ का संरक्षण मिलने से यह उपलब्धि प्राप्त हुई ।

वानगी अवसर पर आज विद्यालय में प्राचार्य कृष्ण कुमार साहू, भूपत कन्नौजे, लॉरेंस महिलांगे, युवराज कंवर, डोमेश्वर ध्रुव पीटीआई, नागेंद्र कुमार, मोहन ध्रुव, सीमा सिंह, रेखा प्रधान, चंद्रावती सिंहा, वंदना देवांगन, नेहा जायसवाल, मधुबाला साहू शिक्षकगण वेटलिफ्टिंग संघ के जिलाध्यक्ष यशवंत यादव, समाजसेवी शीतल ध्रुव आदि उपस्थित रहे। अग्रिम शुभकामना प्रेषित करने वालों में थानसिंह निषाद जन सेवक, नरेंद्र पटेल, इमरान मेमन कान्ट्रेक्टर, आर के ध्रुव अतिरिक्त सीईओ, लेखराज धुर्वा अध्यक्ष सरपंच संघ ब्लॉक छुरा, सज्जन शर्मा व्यावसायी, हीरालाल साहू सचिव जिलाभारोसंघ, भोलेशंकर जायसवाल, विनोद देवांगन, रेवेन्द्र दीक्षित, देवनारायण यदु, शिव ठाकुर, राजकुमार लहरे, राजेश्वरी ठाकुर, रुपनाथ बंजारे जिलाध्यक्ष छग मजदूर संघ, पुनीत ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष इंटक, मिथलेश सिन्हा, अर्जुन धनंजय सिन्हा, टंकेश्वर मरकाम, यूनूस खान, विमल पुरोहित, प्रदीप गुप्ता व्यवसायी, नरसिंग दिनेश कोठारी आदि प्रमुख हैं।

### सौंझरी समाज के जाति प्रमाणपत्र न बनने के मामले का कलेक्टर ने लिया संज्ञान

**बलौदाबाजार, 24 दिसम्बर, (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर चंदन कुमार ने कसडोल विकासखंड अंतर्गत ग्राम टिपरूंग ग्राम पंचायत कोट (रा) में निवासरत सौंझरी समाज के जाति प्रमाण- पत्र न बनने के मामले को संज्ञान में लेते हुए गिरौदपुरी एसडीएम अंशुल वर्मा को तलब किया। एसडीएम अंशुल वर्मा ने आज एसडीएम कार्यालय में मौजूद दस्तावेज के आधार पर सिलसिलेवार जानकारी प्रदान करते हुए सौंझरी समाज के जाति प्रमाण नही बनने के कारण को बताया। उन्होंने बताया कि कार्यालय में मौजूद दस्तावेजों में सन् 1927 के मिशल पत्र में सोनझोला जाति का उल्लेख है जबकि छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति की सूची में अनुक्रमांक 16 पर अधिसूचित गोंड की उपसमूह सौंन्झारी के साथ सोनझरिया, सोनझरा एवं सोनझरी जाति का ही नाम निर्देशित है। अनुसूचित जनजाति प्रमाण-पत्र केवल राजपत्र में प्रकाशित जातियों का ही बनाए जाने का प्रावधान निर्धारित है। इसके साथ ही राज्य शासन के नए निर्देश के अनुसार जाति प्रमाण पत्र के मामले को शिथिल किया गया था। जिसमें ऐसे व्यक्ति जिनका कोई दस्तावेज नहीं है उन्हें ग्राम सभा के प्रस्ताव के आधार पर सामाजिक पारिस्थितिक प्रमाण पत्र बनाए जाने का प्रावधान है।

## सुहेला पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत अलग-अलग मामलों में आठ आरोपियों पर की कार्रवाई

# आरोपियों से 107 पौवा देशी मसाला शराब, 40 पौवा जम्मू स्पेशल अंग्रेजी शराब जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 24 दिसम्बर।** पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा द्वारा जिला के सभी थाना प्रभारी को अवैध रूप से संचालित कर रहे जुआ, सटटा, शराब पर वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है कि अति0 पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक अजय झा के नेतृत्व में थाना सुहेला में आबकारी एक्ट तहत् की गई कार्यवाही।

अपराध क्र. 231/2023 धारा 34(1)ब आबकारी एक्ट- आरोपीया सावित्री बंजारे पति स्वः सुकदेव बंजारे उम्र 55 साल साकिन बुड़गहन थाना सुहेला द्वारा अपने किराना दुमकान के सामने एक झोला में रखकर शराब बिक्री कर रहा है कि सूचना पर हमराह स्टाफएवं गवाहन के रेड कार्यवाही कर आरोपीया के कब्जे से 21 पाव देशी मशाला शराब कुल 3.780 बल्क लीटर कीमती 2310 रूपया एवं बिक्री रक्रम 300/रू जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया जाकर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

अपराध क्र. 232/2023 धारा 34(1)ब आबकारी एक्ट- आरोपीया अहिल्या बाई गेंडरे पति स्वः भागवत गेंडरे उम्र 45 साल साकिन बुड़गहन थाना सुहेला द्वारा अपने किराना दुकान के सामने एक झोला में रखकर शराब बिक्री कर रहा है कि सूचना पर हमराह स्टाफएवं गवाहन के रेड कार्यवाही कर आरोपीया के कब्जे से 20 पाव देशी मशाला शराब कुल 3.600 बल्क लीटर कीमती 2200



रूपया एवं बिक्री रक्रम 300/रू जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया जाकर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

अपराध क्र. 233/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट- आरोपी मनीष कुमार नायक पिता टेकराम नायक उम्र 26 थाना सुहेला द्वारा सीमेंट ट्रक यार्ड खपराडीह में अवैध रूप से शराब रखकर शराब बिक्री कर रहा है कि सूचना पर हमराह स्टाफएवं गवाहन के रेड कार्यवाही कर आरोपी के कब्जे से 40 पाव जम्मू स्पेशल व्हीसकी अंग्रेजी शराब कुल 7.200 बल्क लीटर कीमती 4800 रूपया जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया जाकर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अपराध क्र. 234/2023 धारा 36(च) आबकारी एक्ट- मुखबीर की सूचना पर आरोपी तीजराम धीवर पिता गनऊराम धीवर उम्र 66 साल साकिन हिरमी थाना सुहेला को आम जगह बैंक चौक रोड किनारे हिरमी के पास हमराह स्टाफएवं गवाहन के रेड कार्यवाही कर रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 180 एमएल वाली शीशी में 50 एमएल शराब भरी हुई, 02 नग डिस्पोजल गिलास, 02 खाली पानी पाऊच कीमती 50 रू0 के साथ जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया जाकर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अपराध क्र. 235/2023 धारा 36(च) आबकारी एक्ट- मुखबीर की सूचना पर आरोपी खुमान ध्रुव पिता अनिल कुमार ध्रुव साकिन हिरमी थाना सुहेला को आम जगह बैंक चौक रोड किनारे हिरमी के पास हमराह स्टाफ एवं गवाहन के रेड कार्यवाही कर रंगे हाथ पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से 180 एमएल वाली शीशी में 60 एमएल शराब भरी हुई02 नग डिस्पोजल गिलास, 02 खाली पानी पाऊच कीमती 60 रू0 के साथ जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया जाकर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं **अजीत सिंह कक्कड़** उम्र 42 साल पिता **अमरजीत सिंह कक्कड़** जाति सिक्ख मकान 212 बुधवारी पारा डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव का निवासी हूं।

मेरे द्वारा बजाज एलाईस में बीमा पालिसी लिया गया था जिसका पालिसी क्रमांक 0318651703 बजाज एलाइंस का है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम अजीत सिंह कक्कड़ पिता अमरजीत सिंह कक्कड़ अंकित है जो कि सत्य एवं सही है।

उक्त बजाज एलाइंस बीमा पालिसी में भूलवश मेरा नाम **अजीत पाल सिंह** अंकित हो गया है तथा इस नाम को सुधार कर सही नाम **अजीत सिंह कक्कड़** अंकित किया जावे तथा मुझे इस नाम से जाना एवं पहचाना, लिखा एवं पढ़ा जावे।

**अजीत सिंह कक्कड़**



# अब मायूस क्यूँ हो उसकी बेवफाई पर खुद ही तो कहते थे की वो सबसे जुदा है

छत्तीसगढ़ की राजनीति में 2023 के विधानसभा चुनाव के बाद सत्ता और विपक्ष के प्रमुख पदों पर केंद्र सरकार में राज्य मंत्री रहे अनुभवी नेताओं के हांथों नेतृत्व है।विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन,सीएम विष्णुदेव साय तथा नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत तीनों अटलजी,नरेंद्र मोदी तथा डॉ मनमोहन सिंह के मंत्रिमंडल का हिस्सा रह चुके हैं।डा.रमन सिंह एक आयुर्वेदिक डॉक्टर होने के साथ ही छग के 15 सालों तक सीएम रहे हैं।रमन सिंह ने राजनीति पारी की शुरू आत जनसंघ के यूथ विंग से की थी। इन्होंने कवर्धा की नगर पालिका में वार्ड मेंबर,विधायक,संसद में बहुत से महत्वपूर्ण पद संभाले है।1999 में संसद के सदस्य रहते हुएअटलजी के मंत्रिमंडल में वाणिज्य राज्य मंत्री के तौर भी काम किया है।साथ ही इन्होंने देश को इज़राइल,नेपाल, फिलिस्तीन और दुबई में भारतीय व्यापार मेले का नेतृत्व भी किया है।इधर छग के चौथे सीएम विष्णु देव साय बने हैं।उन्होंने 2020 से 2022 तक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया।वे मोदी के 2014-2019के पहले मंत्रिमंडल में केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री थे। कुन कुरी निर्वाचन क्षेत्र का प्रति निधित्व करने वाले 16वीं लोकसभा के सदस्य थे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ चरण दास महंत को छग विस में नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है।पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. महंत कांग्रेस का एक बड़ा चेहरा हैं।भूपेश सरकार में वह विस अध्यक्ष कादायित्व संभाल रहे हैं ।2009 में 15वीं लोकसभा के लिए वह प्रदेश से अकेले कांग्रेसी लोकसभा सदस्य चुने गए थे।वर्तमान में सक्ती से विधायक हैं।महंत का राजनीतिक सफर मप्र विधानसभा से शुरू हुआ।1980 से 1990 तक दो कार्यकाल में विधायक रहे।1993 से 1998 के बीच वह मप्र सरकार में मंत्री रहे।1998 में उन्हें 12वीं लोकसभा के लिए चुना गया।1999 में भी13वीं लोकसभा के लिए वे चुने गए। 2009 में वह 15वीं लोकसभा के लिए भी चुने गए। महंत ने केंद्र में डॉ मनमोहन सिंह सरकार में राज्य मंत्री,उद्योग खाद्यऔर प्रसंस्करण का पदभार भी संभाल चुके हैं।

### साय की टीम बनी, फिर भाजपा ने चौंकाया...?

छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार के 9 मंत्रियों ने शपथ ली है।अब साय मंत्रिमंडल में जातिगत समीकरण देखा जाए तो सीएम सहित रामविचार नेताम और केदार कश्यप एस सी वर्ग से हैं तो डिप्टी सीएम विजय शर्मा सहित वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल सामान्य वर्ग से हैं।एससी वर्ग से केवल एक दयाल दास बघेल को शामिल किया गया है तो पिछड़ा वर्ग से डिप्टी सीएम अरुण साव सहित 6लोग लखन लाल देवांगन,ओपी चौधरी,श्यामबिहारी जाय सवाल, टँकराम वर्मा और लक्ष्मी राजवाड़े शामिल किये गये हैं। वैसे सीएम चयन में जैसे भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने चौंकाया था वैसे ही मंत्रिमंडल में भी भाजपा के धरमलाल कौशिक,अमर अग्रवाल, अजय चंद्राकर,राजेश मुणत,लता उसेंडी, रेणुका सिंह,गोमती साय आदि को शामिल नहीं करना भी चर्चा में है।




### आईएएस दयानन्द सीएम के सचिव...

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तेजतर्रार आईएएस पांडे दयानंद को सेक्रेटरी बनाया गया है।वहीं सीएम के ओएसडी तय हो गए हैं।पी. दयानंद मूलतः बिहार राज्य के सासाराम जिले के रहने वाले है।वह 2006 बैच के छग कैडर के आईएएस है। बिलासपुर, कोरबा,कवर्धा और सुकमा यानि चार जिलों की कमान भीसम्हाल चुके है।उन्हें नक्सल क्षेत्र में काम करने का भी अनुभव है।आईएएस प्रशिक्षु अवधि दंतेवाड़ा जिला पंचायत में सीईओ रहते हुए पूरा किया था।इसके बाद वह सुकमा के कलेक्टर बने।उन्होंने एजुकेशन हब की नींव रखी।तेज तर्रार अफसरों में गिने जाते रहे है।वे भाजपा के एक बड़े राष्ट्रीय नेता के भतीजी दामाद हैं ऐसा पता चला है?राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के रूप में राज्य प्रशासनिक सेवा के डॉ सुभाषसिंह राज निजी स्थापना में ओएसडी रूप में उमेश अग्रवाल दिल्ली,रवि कांत मिश्रा तथा निज सचिव के रूप में दीपक अंधारे को पदस्थ किया गया है।



### धान खरीदी, जांजगीर पुलिस की अच्छी पहल...

भाजपा की सरकार राज्य में बन गई है,अपने घोषणा पत्र के अनुसार धान 3100/? में खरीदने की शुरुआत हो गई है।भूपेश सरकार 25से 2600में खरीदी करती थी।जाहिर है कि किसानों के पास अब अधिक राशि आएगी। ऐसे में किसानों को अपनी मेहनत की राशि सुरक्षित रखने सतर्कता की जरूरत होगी। जांजगीर पुलिस के मुखिया,छत्तीसगढ़िया एसपी विजय अग्रवाल ने पोस्टर जारी कर किसानों को सतर्क करने का प्रयास किया है।पुलिस ने जिले के शहरी,ग्रामीण क्षेत्रों के सार्व जनिक स्थानों पर पोस्टर को चस्पा भी करवाया है।यह सराहनीय पहल तो है ही साथ में पुलिस का समाज के सरोकार से जुड़ने का भी एक बड़ा उदाहरण है।




### और अब बस...

- छत्तीसगढ़ में कोई पूर्व सीएम पहली बार विस अध्यक्ष बने हैं ।
- रामविचार नेताम छत्तीसगढ़ के पहले भाजपा के प्रोटम स्पीकर बने।
- कभी किसी मंत्री के पीए थे, अब उसी मंत्री के साथ ही मंत्री पद की शपथ भी ली है।



## एक नजर

### राज्यपाल ने क्रिसमस की दी शुभकामनाएं

**रायपुर, 24 दिसम्बर।** राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने प्रभु यीशु के जन्मदिन क्रिसमस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने समाज को प्रेम, करूणा, क्षमा एवं समानता का संदेश दिया। उन्होंने मानव सेवा और उनके कल्याण में अपना सारा जीवन व्यतीत किया तथा गरीबों एवं जरूरतमंदों की सेवा करने एवं आपसी भाईचारे के साथ रहने की सीख दी। श्री हरिचंदन ने कहा कि प्रभु यीशु के संदेश हमेशा समाज के लिए प्रेरक एवं अनुकरणीय रहेंगे।



### सरकार की योजनाओं से सभी वर्गों को मिलेगा लाभ

**रायपुर, 24 दिसम्बर।** भारतीय जनता पार्टी की छत्तीसगढ़ में सरकार बनने पर ऑल इंडिया पसमान्दा मुस्लिम महाज़ ने नई सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ मुस्लिम पसमान्दा जनता की तरफ से भारतीय जनता पार्टी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की एवं प्रदेश की खुशहाली और तरक्की के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई ने सरकार के हर स्तर पर सराहना की है। प्रदेश में कानून व्यवस्था एवं प्रदेश के विकास के लिए सभी समाज को साथ लेकर कार्य करेगी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सरकार की योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ सभी वर्गों को मिलेगा। महिलाओं एवं युवाओं को उनकी तमाम पिछली मांगों को पूरा करेगी। ऐसी हम भारतीय जनता पार्टी की छत्तीसगढ़ प्रदेश से उम्मीद रखते है। पसमान्दा मुस्लिमों ने सभी पांचों संभागों की 90 विधानसभा में अपने मताधिकार का उपयोग किया एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाओं को देखते हुए और उनकी नीतियों को ध्यान में रखते हुए बढ़-चढ़कर छत्तीसगढ़ की तरक्की के लिए, खुशहाली के लिए पसमान्दा मुस्लिमों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया एवं एक अच्छी सरकार को चुनने में सहभागिता निभाई। सभी भारतीय जनता पार्टी के गणमान्य कार्यकर्ताओं एवं छत्तीसगढ़ की जनता को बहुत-बहुत शुभकामनायें एवं बधाई प्रेषित करते है।



### जिला कांग्रेस की बैठक 26 को

**रायपुर, 24 दिसम्बर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार भाटापारा की अति आवश्यक बैठक 26 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय में रखी गई है। बैठक में विधानसभा चुनाव की समीक्षा, कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस की तैयारी, लोक सभा चुनाव की तैयारी , डोनेट फार इंडिया जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जानी है । अतः आप सभी कांग्रेस जनों की उपस्थिति अनिवार्य है बैठक में विशेष रूप से जिला प्रभारी अशोकराज आहूजा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर उपस्थित रहेंगे।

## सट्टा व्यवसाय से विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ा : प्रो. करीम




**रायपुर, 24 दिसम्बर।** विप्र कॉलेज एवं महिला महाविद्यालय का संयुक्त आयोजन त्रिदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार 'सट्टा व्यापार का अंतर्राष्ट्रीय व्यावसायिक वातावरण पर प्रभाव' के समापन दिवस के प्रथम सत्र के प्रमुख प्रवक्ता प्रो चंद्रशेखर अरुणकर (प्रोफेसर पुणे यूनिवर्सिटी)ने अपने व्याख्यान में बताया की सट्टा व्यापार वास्तव में मुद्रा प्रवाह के सकेंद्रण को दर्शाता है जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के वातावरण में विदेशी निवेशकों के एकतरफा रुझान की प्रवृत्ति का झलक है, जिससे केवल एक ही व्यापारिक वातावरण को प्रोत्साहन मिलता है। द्वितीय सत्र में नीलम गांधी,पूजा मोटवानी, सपना, प्रिया पचोली,जागृति ब्राह्मणकर,रश्मि अग्रवाल,सृष्टि चंद्राकर इत्यादि 25 शोधार्थियों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किया।

तृतीय सत्र में मुख्य वक्ता प्रो अब्दुल करीम ने उपरोक्त शोध पत्रों की समीक्षा करते हुए अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा सट्टा व्यवसाय से निश्चित तौर पर अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक वातावरण में विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ा है तथा इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

त्री दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के समापन समारोह में उपस्थित डा. देवाशीष मुखर्जी, प्राचार्य महंत महाविद्यालय, ने समापन उदबोधन में कहा कि सट्टा व्यवसाय नया नहीं अपितु पुरातन पद्धति है जिसमे पृथक पृथक बाजार में निवेशक उनसे प्राप्त होने वाली अत्यधिक आय अथवा प्रत्याय की मात्रा को ध्यान में रखते हुए निवेश का निर्णय लेते है ।यह सट्टा निवेश की प्रक्रिया का ही परिणाम है की आज अंतरराष्ट्रीय व्यापार का वातावरण न केवल द्वितीयक क्षेत्र में आगे है अपितु सेवा के क्षेत्र में भी उन्नति कर रहा है। संयोजक प्रोफेसर मधुलिका अग्रवाल ने तीन दिनों के आयोजन की उपलब्धि व्यक्त करते हुए कहा कि तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में विद्वानों की व्याख्यान माला से समस्त प्रतिभागी नए विचारों से लाभान्वित हुए।

## महिलाओं को बराबरी का स्थान देने से देश की उन्नतिः शुक्ल

**रायपुर, 24 दिसम्बर।** कचहरी चौक स्थित प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ल थे। इस दौरान कार्यकम की अध्यक्षता राष्ट्रीय विद्यालय समिति में अध्यक्ष अजय तिवारी के द्वारा की गई। इस अवसर पर कार्यकम में उपाध्यक्ष गोवर्धन दास डागा मदन लाल तालेडा, सचिव अनिल कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष राज किशोर नत्थानी, देवीचंद श्रीश्रीमाल. रूपचद श्रीश्रीमाल सुरेश शुक्ला, डागा महाविद्यालय प्राचार्या संगीता घई प्राचार्य प्रोफेसर डा गायत्री शर्मा सांस्कृतिक कार्यकम प्रभारी रेणुका बक्षी, के साथ अन्य प्राध्यापकगण के अलावा कालेज की छात्राएं आदि उपस्थित थे। कार्यकम की शुरूआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीपप्रज्जवलन के साथ हुई। जिसके बाद महाविद्यालय की प्राचार्या डा संगीता घई के द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसी अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समिति अध्यक्ष अजय तिवारी अपने अध्यक्षयीय उदबोधन ने कहा कि वार्षिक उत्सव कार्यक्रम अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत करने का अवसर होता है। उन्होंने महाविद्यालय की प्राध्यापिकाओं से आवहान किया कि वे महाविद्यालय सर्वागीण विकास सतत प्रयत्नशील रहे। आज के समय में कई महाविद्यालय खुले गए हैं जिससे प्रतिस्पर्धा बढ गई हैं। छात्राएं पढाई की ओर ध्यान दें महाविद्यालय का नाम रौशन करें। इस दौरान कार्यकम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ल ने अपने उदबोधन में कहा कि यह दुसरा अवसर है कि मैं महाविद्यालय में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुआ हूँ यह महाविद्यालय 30 वर्ष पहले एक उददेश्य के साथ स्थापित हुआ था और दिन प्रतिदिन उन्नति करते जा रहा हैं। उन्होनें छात्राओं से कहा कि आज समय आपके उपर बड़ी जिम्मेदारी हैं। आज का समय प्रोधौगिक का है तकनीक का है आप सभी अपने को किसी से कम मत समझें आप शिक्षा ग्रहण करके घर मत बैठियें कुछ न कुछ काम करके उसका उपयोग कीजिए उन्होंनें जिस देश में महिलाओं को बराबरी का दर्जा मिलता हैं वह देश निरन्तर उन्नति करता हैं कार्यकम में महाविद्यालय वार्षिक प्रत्रिका आरोहण का विमोचन किया गया जिसके बाद खेल प्रतिभाओं को पुस्कृत किया गया कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यकम के जारिये छात्राओं के द्वारा एक से बढकर एक नृत्य की प्रस्तुती देकर बैठे दर्शकों का मन मोह लिया।



## सूने मकान से नगदी सहित जेवर पार

**रायपुर, 24 दिसंबर।** न्यू राजेन्द्र नगर स्थित गुरूघासीदास कालोनी स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलारी में रखे नकदी 20 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया काम्या कर्वे 37 वर्ष सी-14 गुरूघासीदास कालोनी न्यू राजेन्द्र नगर की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया 21 दिसंबर को घर में ताला लगाकर कहीं गई थी। जब कल वापस लौटी तो देखा की उसके घर का ताला टूटा हुआ है और आलमारी में रखे नकदी 20 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर गायब है। चोरी गए जुमला कीमती करीब 75 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 24 दिसम्बर।** न्यू राजेन्द्र नगर शिव विला कालोनी में घर के बाहर खड़ी पल्सर बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विकाश चंद दुबे 26 वर्ष शिव विला कालोनी न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमआर 0571 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 35 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## साथी परियोजना अत्यंत लाभकारी: अमर

**रायपुर, 24 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि साथी परियोजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जानकारी रायपुर संभाग के समस्त उद्यमियों एवं व्यवसायियों तक पहुंचाने के लिये आज दिनांक 22 दिसम्बर 2023 को चेम्बर भवन, चै.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में बैठक का सफल आयोजन हुआ।



बैठक में चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में रायपुर संभाग के समस्त एसोसियेशन के पदाधिकारी, चेम्बर पदाधिकारी शामिल हुए एवं मनीष शाहा राष्ट्रीय समन्वयक, फीफा साथी टेक्नोप्रेन्योर्स नई दिल्ली एवं अनुराग लाल राज्य प्रमुख छत्तीसगढ़, फीफा साथी टेक्नोप्रेन्योर्स प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अमर पारवानी ने फीफा साथी टेक्नोप्रेन्योर्स की टीम का स्वागत किया एवं उपस्थित समस्त चेंबर पदाधिकारी, व्यापारिक संगठनों के प्रमुख एवं व्यापारीगणों का धन्यवाद ज्ञापित कर साथी परियोजना के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि देश के उद्यमियों एवं स्टार्टअप्स की उद्यमिता को नई ऊंचाई प्रदान करने के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा सामूहिक प्रयास से साथी परियोजना का संचालन किया जा रहा है जो देश-प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग जगत के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। श्री पारवानी ने आगे बताया कि योजना अंतर्गत राज्य के प्रत्येक जिले में साथी बाजार (स्वदेशी मॉल) की स्थापना की जा रही है जहां स्थानीय एवं देश के छोटे-बड़े सभी उद्यमी एक छत के नीचे अपने उत्पादों का प्रचार प्रसार एवं विक्रय कर सकेंगे जिससे उपभोक्ता और व्यापारियों के बीच की दुरी समाप्त होगी, स्थानीय स्तर पर रोजगार का सृजन होगा लोगों को काम मिलेगा, व्यापार एवं उद्योग जगत को नए मंच मिलेंगे, एमएसएमई उद्योगों का विकास होगा।

बैठक में पारवानी ने जिले के समस्त पदाधिकारियों को उस जिले में स्थापित होने वाले साथी बाजार में व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए जिले में उत्पादित होने वाले प्रमुख उत्पादों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर आवेदन कराने हेतु आग्रह किया।

### नवकार महामंत्र से असाध्य रोगों का उपचार संभव



**रायपुर, 24 दिसम्बर।** भैरव सोसायटी चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में आज रविवार को प्रातः नवकार महामंत्र रैकी शिविर में असाध्य रोगों से उपचार का प्रयोग बतलाया जावेगा। जैन साध्वी प्रियस्मिता म सा नवकार मंत्र के एक एक पद का महात्म्य पर प्रकाश डालेंगी।

साध्वीवृन्द विगत तीन दिनों से महाविदेह आराधना केन्द्र में प्रवचन कर रहीं है। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट द्वारा आयोजित प्रवचन माला के अंतर्गत महाविदेह आराधना केंद्र में परम पूज्य साध्वी प्रियस्मिता आदि ठाणा 6 के द्वारा बहुत ही सुंदर प्रवचन द्वारा जिनवाणी का सुंदर विवेचन किया जा रहा है उसी श्रृंखला में आज आत्मा में लगे कषाय को कैसे दूर किया जाय इस पर प्रकाश डालते हुए सभी को आत्म कल्याण का मार्ग दिखलाया ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि प पू साध्वीगण की अभी स्थिरता भैरव सोसाइटी के नाकोड़ा जैन भवन में है प्रवचन प्रातः 9 से 10 तक , धर्म चर्चा दोपहर 3 से 4बजे तक, प्रतिक्रमण शाम 6 बजे से साध्वी की पावन निश्रा में आयोजित है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23